हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

10 गुपचुप दूसरी शादी करने के दो मामलों में आयोग ...



11 खाद-बीज और प्रधानमंत्री आवास की मांग को ...








## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रानी तराई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 63 पौवा देशी प्लेन शराब और 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोदावरी बाई (45 वर्ष) निवासी ग्राम घोरारी, थाना रानी तराई, जिला दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम घोरारी के धरशा रोड के पास एक महिला द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। महिला के पास से 63 पौवा शोले देशी प्लेन शराब तथा 5 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है।

### 30 फीट गहरे कुएं में मिली लाश, जांच जारी

**भिलाई।** दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में एक कुएं से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लगभग 30 फीट गहरे पानी से शव को बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मोहन नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक कुएं में व्यक्ति के डूबने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। सूचना मिलते ही जिला सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति का आकलन कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ के जवानों ने जोखिम भरे अभियान के दौरान करीब 30 फीट गहरे पानी वाले कुएं में उतरकर शव को बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद शव को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान और मौत के कारणों की जांच कर रही है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में प्रभारी ईश्वर खरे सहित एसडीआरएफ के जवान चंद्रप्रताप, भूपेंद्र सिंह, थानेश्वर, राजेश यादव, रमेश, दिलीप, दिनेश, विनय और हेमराज मरावी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महापौर ने दिए एफआईआर के निर्देश, जताई बड़े भ्रष्टाचार की आशंका

# 5.38 करोड़ से पाइप लाइन बिछाने से जुड़ी जलापूर्ति परियोजना की फाइल भिलाई नगर निगम से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नगर पालिक निगम भिलाई में एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 5.38 करोड़ रुपए की जलापूर्ति परियोजना से जुड़ी ओरिजनल फाइल गायब हो गई है। महापौर ने इस फाइल के बारे में पता लगाया, जिम्मेदार अधिकारियों से पूछताछ की, लेकिन जब फाइल का कहीं पता नहीं चला तो उन्होंने अपर आयुक्त राजेंद्र डोहरे को एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। महापौर का कहना है कि यदि निगम के अधिकारी एफआईआर नहीं कराते हैं तो वो खुद इस मामले की एफआईआर सुपेला थाने में दर्ज कराएंगे।

महापौर नीरज पाल ने इसे बड़ी लापरवाही बताते हुए वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई है। उन्होंने अपर आयुक्त डोहरे को पत्र लिखकर इस मामले में संलिप्त सभी जिम्मेदार अधिकारियों, अभियंताओं और संबंधित ठेकेदार व एजेंसी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। इस बारे में जानकारी देने के लिए जब अपर आयुक्त राजेंद्र डोहरे को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### वित्तीय गड़बड़ी और तथ्यों को छुपाने की आशंका

महापौर नीरज पाल ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि 5.38 करोड़ रुपये से अधिक के जनहित के कार्य की मूल नस्ती का इस प्रकार गायब होना और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जानकारी न दिया जाना यह साबित करता है कि कार्य में घोर वित्तीय अनियमितता हुई है और तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर ने कहा यदि ऐसा हुआ है तो इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।




### क्या है पूरा मामला?

महापौर नीरज पाल ने बताया कि भिलाई नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत जल वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण, डिजाइनिंग, पाइपलाइन बिछाने, इंटरकनेक्शन, टेस्टिंग, कमिशनिंग और पुरानी पाइपलाइन के जीर्णोद्धार सहित 12 महीने के ट्रायल रन के लिए 9 सितंबर 2024 को कार्यदेश जारी किया गया था। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए 5 करोड़ 38 लाख 2 हजार 300 रुपए स्वीकृत किए गए थे। महापौर पिछले दो महीनों से इस कार्य की प्रगति, प्राकलन (एस्टीमेट) और अब तक किए गए वित्तीय भुगतानों की समीक्षा करने के लिए संबंधित अधिकारियों से मूल फाइल की मांग कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा लगातार आनाकानी की जा रही थी। जब उन्होंने डायरेक्ट दबाव बनाकर पूछा तो बताया गया कि फाइल कार्यालय में नहीं मिल रही है।

### करोड़ों का हो चुका है भुगतान

दस्तावेजों के मुताबिक इस योजना के अंतर्गत ठेका एजेंसी गिमेक्स इंडिया प्रोजेक्ट्स एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड 10 फरवरी 2025 को पाइपलाइन बिछाने के कार्य के लिए एडवांस के रूप में 47,24,211 रुपए का भुगतान किया गया। इसी तरह 14 जुलाई 2025 को उच्चस्तरीय जलागार राइजिंग मेन पाइपलाइन एवं वितरण पाइपलाइन कार्य के लिए 1,71,64,563 रुपए का भुगतान, 2 जनवरी 2026 को उच्चस्तरीय जलागार राइजिंग मेन और विस्तारीकरण पाइपलाइन बिछाने के कार्य के लिए 1,69,27,876 रुपए का भुगतान सहित कुल 3,88,16,650 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इतनी राशि देने के बाद भी एजेंसी ने कितना काम किया, उसकी गुणवत्ता और ड्राइंग-डिजाइन का कोई रिकार्ड निगम के पास नहीं है। जबकि यह रिकार्ड काफी महत्वपूर्ण है।

### 24 घंटे का दिया गया अल्टीमेटम हुआ बेअसर

फाइल न मिलने पर महापौर कार्यालय द्वारा 17 जून 2026 को संबंधित अधिकारी को पत्र जारी किया गया। पत्र में इसमें अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा और वेशराम सिन्हा सहित चारों जोन के आयुक्त और कार्यपालन अभियंताओं को 24 घंटे के भीतर 18 जून 2026 तक मूल नस्ती प्रस्तुत करने और कार्य की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट देने का अल्टीमेटम दिया गया था। इस चेतावनी के बाद भी अधिकारी नहीं जागे और किसी भी अधिकारी ने न तो फाइल पेश की और न ही धरातल पर हुए कार्य व भुगतान की कोई जानकारी दी।

### एफआईआर न होने पर अपर आयुक्त की जिम्मेदारी

महापौर ने 18 जून 2026 को जारी अपने नए पत्र में अपर आयुक्त को निर्देशित किया है कि वित्तीय गबन की आशंका को देखते हुए इस कार्य से जुड़े सभी उत्तरदायी अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदार के खिलाफ तत्काल पुलिस में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई जाए और उसकी पावती और की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन महापौर कार्यालय को सौंपा जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि इसे अत्यंत संवेदनशील माना जाए और किसी भी प्रकार की देरी होने पर पूरी जिम्मेदारी अपर आयुक्त की होगी। अब देखना यह है कि इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस प्रशासन और निगम प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है और क्या गायब हुई 'करोड़ों की फाइल' सामने आ पाती है या नहीं?

# भिलाई की युवती की राजनांदगांव रिसॉर्ट में संदिग्ध मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राजनांदगांव जिले के मनगट्टा स्थित विसली वुड रिसॉर्ट में एक 24 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से सनसनी फैल गई है। घटना के बाद रिसॉर्ट और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि भिलाई की दो लड़कियां और तीन युवक सहित रायपुर के भी कुछ युवक रिसॉर्ट ठहरे हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



- बाथरूम में बेहोश मिली युवती, अस्पताल पहुंचते ही हुई मौत
- साथ आए लोग रात में ही हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस

मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान भिलाई 3 नगर निगम के पास रहने वाली मुस्कान तिवारी (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मुस्कान अपने कुछ साथियों के साथ रिसॉर्ट में ठहरी हुई थी। देर रात वह बाथरूम गई थी, जहां वह बेहोशी की हालत में मिली। सुबह करीब 5 बजे घटना की जानकारी रिसॉर्ट संचालक को मिली। इसके बाद युवती को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती के साथ रिसॉर्ट में ठहरे अन्य लोग सुबह होने से पहले ही वहां से चले गए। पुलिस अब उन लोगों की तलाश कर रही है और उनसे पूछताछ के बाद ही घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

## ईदगाह की दीवार की पुताई को लेकर विवाद



**भिलाई।** मोहर्रम पर्व की तैयारियों के दौरान ईदगाह परिसर की दीवारों की पुताई और रंग-रोगन को लेकर हुए विवाद में प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वसीम परवेज उर्फ राजा (41 वर्ष) निवासी सेक्टर-6, भिलाई नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 14 जून को सेक्टर-6 स्थित लाल मैदान में ईदगाह परिसर की दीवारों के रंग-रोगन संबंधी कार्य को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसी दौरान आपसी विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद के बीच आरोपी ने एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और घटना के बाद फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना भिलाई नगर में धारा 109(1), 296 और 351(3) बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

प्री-मानसून बारिश का अब भी हो रहा है इंतजार

# ट्विनसिटी का तापमान 39 डिग्री शाम को अच्छी बारिश से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी का तापमान गुरुवार को 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसकी वजह से पूरे दिन उमसभरी गर्मी लोगों ने झेली। शाम को हालात बदल गए। करीब 7.30 बजे आसमान पर अचानक काले बादल छाने लगे। रूक-रूक कर गर्जना भी होने लगी। उसके बाद हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। यह बारिश हालांकि हल्की थी लेकिन मौसम के इस बदलाव से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। जिस तरह से ऐसी बारिश हो रही है वह प्री मानसून का नहीं है। इसलिए प्री मानसून बारिश का इंतजार अब भी लोगों को है।

### कहीं बारिश तो कहीं केवल हवाएं चल रही


ट्विनसिटी में हो रही यह बारिश सभी स्थानों पर नहीं हो रही है। सेक्टर क्षेत्र में बारिश हो रही है तो दूसरे क्षेत्र में नहीं। गुरुवार सुपेला, छावनी, पावरहाउस, रामनगर, बैकुंठधाम, कैंप एरिया आदि क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है। वहीं उमरपोटी, पाउवारा, उतई, सेलूद आदि क्षेत्रों में आसमान पर बादल छाए रहे और केवल बूंदाबांदी जैसी स्थिति रही। दुर्ग के पूरे क्षेत्रों में भी बारिश अच्छी नहीं हो रही है। जिसकी वजह से तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आ पा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब में हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होते हुए बिहार तक मौसमी दोणिका समुद्र तल पर बनी हुई है।एक द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से तेलगांना और आंध्रप्रदेश होते हुए तमिलनाडू तक ऊंचाई पर बना हुआ है। 19 जून को प्रदेश में कुछ स्थान पर इल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वजपात होने की संभावना है। दिनों के बाद एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

# शादी से पहले घर में चोरी, लाखों रुपए के जेवर और नकदी पार

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम गोढ़ी में शादी की तैयारियों के बीच एक परिवार चोरी का शिकार हो गया। अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और सोने-चांदी के जेवर समेत करीब 1.10 लाख रुपये का सामान पार कर दिया। नंदिनी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) और 331(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गोढ़ी निवासी कल्याण विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह ठेले पर गुपचुप बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता है और पिछले नौ माह से किराये के मकान में रह रहा है। उसके पुत्र अजय विश्वकर्मा की शादी 10 जुलाई को तय है, जिसके लिए कपड़े, सोने-चांदी के जेवर और 82 हजार रुपए नकद खरीदारी के लिए घर में रखे गए थे। कल्याण विश्वकर्मा 13 जून को पत्नी और बेटे के साथ अपने मूल गांव मोरिद गया था। 14 जून को वह कुछ समय के लिए वापस गोढ़ी आया और रात में फिर गांव लौट गया। 16 जून की शाम जब परिवार वापस घर पहुंचा तो कमरे का सामान बिखरा मिला। अटैची और बैग खुले पड़े थे तथा उनमें रखे सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी की पैर पट्टी, बिछिया और 82 हजार रुपये नकद गायब थे। प्रार्थी के अनुसार, चोर मकान के पीछे से घुसा और दरवाजे की सिटकनी खोलकर कमरे में रखे सामान पर हाथ साफ कर गया। बहरहाल मामले में जांच जारी है।







# फैसला वापस नहीं लिया तो स्मार्ट मीटरों की जलेगी होली, बिजली वृद्धि वापस ले सरकार

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की साय सरकार को दो टूक, सरकार की मनमानी के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे कांग्रेसी कार्यकर्ता**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ढाई साल में बिजली दरों में 5 बार की बढ़ोत्तरी, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव भवन दुर्ग में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सरकार से दो टूक कहा- कि कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगा। वह सरकार की हर नाकामी को जनता तक पहुंचाएगा, जिस प्रकार से बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। ढाई साल में 5 बार दाम बढ़ाए गए हैं। पेट्रोल-कीमतों को बढ़ोत्तरी किसी से छिपी नहीं है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद मनमाना बिजली का बिल आ रहा है। इसने प्रदेश की जनता को बेहाल कर दिया है। आम आदमी का घर चलाना मुश्किल कर दिया है। महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। खाद-बीज के दाम बढ़ गए हैं, जिसकी मार किसानों पर बड़ी है। रोजगार प्रदेश में लगातार समस्या बनते जा रही है। इन विषयों को लेकर कांग्रेस लगातार सड़क की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यूपी ने फैसला वापस लेना पड़ा है। स्मार्ट मीटर की होली जलाई जा रही है। यदि छत्तीसगढ़ ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो छत्तीसगढ़ में भी ऐसा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। सरकार को बिजली दरों में वृद्धि के निर्णय को भी वापस लेना चाहिए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर, मुकेश चंद्राकर, आरएन वर्मा, राजेंद्र साहू, शशि सिन्हा, नीरज पाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सरकार को बताना चाहिए कितना वैट मिल रहा




भूपेश बघेल ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को मिलने वाले वैट में भी बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर कितना वैट मिल रहा है, पहले यह कितना मिल रहा है। आम आदमी जहां महंगाई से परेशान है, वहीं सरकार वैट की आड़ में टैक्स वसूल रही है। आने वाले दिनों में महंगाई और अधिक बढ़ेगी। सरकार ने अभी इस पर नियंत्रण नहीं लगाया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह होगी। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में कांग्रेस प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है। हर दुख-सुख में साथ है। आने वाले दिनों में महंगाई को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बिजली दरों में बढ़ोत्तरी, स्मार्ट मीटर की वापसी नहीं हुई, तो सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## कांग्रेस ने दिया था जनता को हाफ बिजली योजना का लाभ

भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली दरों में यह पांचवीं वृद्धि है। पहले से ही महंगे बिजली बिल और लगातार हो रही बिजली कटौती से जनता परेशान है, लेकिन सरकार राहत देने के बजाय घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तथा गैर घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि कर रही है। इतना ही नहीं, कृषि पंपों की बिजली दरों में भी 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है, जिससे किसानों की लागत और बढ़ जाएगी। इस प्रकार बिजली दरों में 31.23 प्रतिशत तक की वृद्धि की जा चुकी है। महंगाई दर 9.30 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह भाजपा का असली चेहरा है। बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में बिजली दरों में मात्र 2 पैसे की वृद्धि की थी, वहीं 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू कर आम लोगों को बड़ी राहत दी गई थी।

## खबर संक्षेप

### आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला में शिविर आज

**दुर्ग।** श्रम विभाग आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला में मजदूर कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाएगा। सहायक श्रमायुक्त ने इसे लेकर निर्देश जारी किए हैं। 19 जून शुक्रवार को सुबह लगभग 11 से शाम 5 बजे तक दुर्ग शहर के वंचित पिछड़े हुए क्षेत्र आईएचएसडीपी कॉलोनी वार्ड 58 के सामुदायिक भवन में संगठित व असंगठित सभी प्रकार के मजदूर कार्ड निर्माण का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र के समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के संस्थापक व अध्यक्ष जयवर्धन समाजसेवी ने संपूर्ण दुर्ग शहरवासियों से इस एकदिवसीय मजदूर कार्ड शिविर का लाभ लेने की अपील की है। मजदूर कार्ड के लिए स्वयं का बैंक पासबुक, आधारकार्ड व इससे लिंक मोबाइल तथा नामिनी के रूप में परिवार का भी आधारकार्ड लाना अनिवार्य है। सभी ओरिजनल कागज लाना पड़ेगा। क्षेत्र में ऐसी गतिविधि हेतु जयवर्धन समाजसेवी द्वारा निरंतर हर संभव कोशिश की जा रही है। शासन के दिशा-निर्देश अनुरूप यह मजदूर कार्ड आयोजित हैं।

### नाली एवं पुलिया निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**दुर्ग।** शहर के पटरीपार क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने वार्ड 53 मीनाक्षी नगर में पानी टंकी के सामने पीछे गली एवं दलहा पब्लिक स्कूल से अरमो के घर तक एवं विभिन्न गलियों में आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण इसके साथ ही पटरी पार वार्ड 58 उरला बीड़ी कॉलोनी के पीछे एवं वार्ड क्रमांक 57 उरला रेलवे क्रॉसिंग के पास नाली एवं पुलिया का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पार्षद सरस निर्मलकर, रेशमा सोनकर, सविता साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### बाढ़ नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** आगामी मानसून 2026 को देखते हुए बाढ़ आदि नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला, अनुभाग व तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की हैं। साथ ही जिला कार्यालय दुर्ग के कक्ष क्रमांक 30 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नं. 0788-2320601 है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला स्तर पर अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभाग स्तर पर दुर्ग के अनुविभागीय अधिकारी रा. हरवंश मिरी, धमधा के अनुविभागीय अधिकारी रा. सोनल डेविड, भिलाई-03 के अनुविभागीय अधिकारी रा. महेश सिंह राजपूत और पाटन के अनुविभागीय अधिकारी रा. लवकेश ध्रुव को जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में तहसील स्तर पर तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, तहसीलदार धमधा मीना साहू, तहसीलदार पाटन पवन ठाकुर, तहसीलदार अहिवारा राधेश्याम वर्मा, तहसीलदार बोरी टीएस खरे और तहसीलदार भिलाई-03 रवि विश्वकर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सुनीं महिलाओं से जुड़ी शिकायतें

# गुपचुप दूसरी शादी करने के दो मामलों में आयोग ने सुनाया सेवा समाप्ति की अनुशंसा का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं प्रभारी सदस्य सरला कोसरिया ने गुरुवार को प्रेरण कक्ष पांच बिल्डिंग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। डॉ. नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 399 वीं व दुर्ग जिला की 15 वीं सुनवाई हुई। जिसमें दुर्ग के अलावा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव के 50 प्रकरणों की एक साथ सुनवाई की गई। डॉ. नायक का दूसरा कार्यकाल 13 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए उनके सम्मान में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। डॉ. नायक को सम्मानित किया गया। इससे पहले शिकायतों की सुनवा की गई। इसमें मोबाइल को लेकर मानसिक प्रताड़ना के एक मामले में आयोग ने फोरम में शिकायत दर्ज करने के निर्णय के साथ प्रकरण का खात्मा किया। आवेदिका ने शिकायत की थी कि एस 24 अल्ट्र मोबाइल जिसकी कीमत 1.40 लाख रुपए है, जो खरीदी के कुछ समय बाद खराब हो गया। आवेदिका इसका एमआई पटा रही है, 26 हजार देना शेष है। मोबाइल खराब हो गया। न मोबाइल बदला गया, न ठीक किया गया।

एक अन्य प्रकरण में शासकीय सेवा में रहते हुए दूसरी शादी का आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आयोग ने संबंधित दो शासकीय कर्मचारियों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा जिला प्रशासन को भेजने का निर्णय लिया। सुनवाई के दौरान एक लंबे समय से लंबित पारिवारिक विवाद में आयोग की पहल पर आवेदिका को एक लाख रुपये नगद एवं विवाह में दिया गया सामान वापस दिलाया गया। शेष राशि निर्धारित किश्तों में देने पर दोनों पक्षों में सहमति बनी। पितृत्व संबंधी एक मामले में आयोग ने संबंधित पक्षों के डीएनए परीक्षण की अनुशंसा करते हुए कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**खास बातें**

- आवेदिका को मोबाईल का पूरी कीमत मुआवजा सहित और नया मोबाईल, डेढ़ वर्ष का मानसिक क्षतिपूर्ति
- 02 शासकीय सेवकों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा
- डीएन टेस्ट की अनुशंसा

**आयोग ने आवेदिकों को नगद 1 लाख व दहेज का समान दिलाया**



### स्वयं को अविवाहित बताकर आर्य समाज में कर ली शादी

एक मामले में खुलासा हुआ के सरकारी सेवारत एक व्यक्ति ने स्वयं को अविवाहित बताकर दूसरी महिला से शादी कर ली। प्रकरण में आवेदिका एवं अनावेदक-1 पति-पत्नी हैं, जिनके विवाह समारोह में आनावेदिका 2 स्वयं उपस्थित थी। अनावेदक 1 वर्तमान में जिला पंचायत मानपुर मोहल्ला में अटैच में सचिव पद पर है। अनावेदक 2 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी है, जो तहसील मानपुर में पदस्थ है। अनावेदक-1 व 2 दोनों शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। उन दोनों ने आर्य समाज में अपना 7 अक्टूबर 2014 को अपना शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। इस शपथ पत्र में अनावेदिका का नाम रंजू मंडावी लिखा है। अनावेदक 1 ने स्वयं को अविवाहित व व्यपारी बताकर आर्य समाज में विवाह किया है। अनावेदक 1 व 2 के 02 बेटे है। आयोग के समक्ष अपने वैवाहिक संबंधों और दोनो बच्चों को स्वीकार किया है। आर्य समाज के दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जिसमें अनावेदक 2 रंजू कोसारे लिखा है, जो कि उनके पदस्थापना स्थान पर दर्ज है। इसके आधार पर आयोग ने फैसला सुनाया।

### हुक्कापानी बंद करने की शिकायत में हुई सुलह

एक मामले में आवेदिका ने अनावेदकगणों के खिलाफ शिकायत की थी कि अपने गुरु के आदेश के बिना कोई चंदा नहीं देते है तो उनका हुक्का पानी बंद है। अनावेदक पक्ष ने कहा कि गांव सार्वजिनक कार्य में आवेदिका सहयोग नहीं करती है। पूरे गांव के खिलाफ शिकायत की है। आयोग ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुना। जानकारी दी गई कि 15 जून 2026 को आयोग की अनुशंसा पर एसआई के समक्ष आवेदिका को अनावेदक ने 1 लाख रुपए और शादी का समान वापस कर दिया है। शेष 145000 रुपए देना बाकी है। दोनों आपसी राजीनामा से तलाक का प्रकरण प्रस्तुत करेंगे। दोनों आपस में सहमत है। प्रकरण नस्तिबद्ध किया गया। एक मामले में डीएन टेस्ट को लेकर आयोग ने कलेक्टर खैरागढ-छुईखदान-गंडई में आयोग की अनुशंसा के साथ आवेदन करने कहा। इसी प्रकार अन्य मामलों में भी सुनवाई के बाद निर्णय लिया गया।

# बोरसी भाठा में सरकारी जमीन पर कब्जा, कोर्ट के आदेश पर चार को हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बोरसी भाठा वार्ड-50 में गुरुवार की सुबह दुर्ग निगम, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम कब्जा तोड़ने के लिए पहुंची। इस दौरान न्यायालय के आदेश पर जेसीबी की मदद से 4 लोगों के कब्जे तोड़े गए। जानकारी के मुताबिक बोरसी भाठा क्षेत्र की शासकीय भूमि खसरा नंबर 194/1 पर कुल 35 व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया था। उक्त प्रकरण में तहसीलदार न्यायालय द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे। कब्जाधारियों द्वारा दायर अपील को अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग द्वारा निरस्त कर दिया गया था। 35 में से एक प्रकरण में उच्च न्यायालय से स्थगन है, जबकि 19 प्रकरणों में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय से स्थगन आदेश प्रभावशील है। वहीं 10 प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन हैं। शेष 4 प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इनमें जीवन यादव, कुमारी बाई, मोहन खेरडे एवं रोहित विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं। इन प्रकरणों में किसी प्रकार का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं होने के कारण आज राजस्व विभाग, नगर निगम दुर्ग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

- लंबे समय से चल रही है न्यायालयीन प्रक्रिया, 31 लोगों के प्रकरण अब भी विचाराधीन
- 19 लोगों का मामला अतिरिक्त जिला न्यायालय में लंबित

**ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह पहुंचे शिविर में**

# सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने पंजीयन शिविर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा 18 जून से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिविर का शुभारंभ ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। महापौर ने कहा कि शिविर में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत पात्र नागरिकों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए पंजीयन एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर स्टॉल दुर्ग नगर पालिक निगम,रिसाली नगर निगम, नगर पंचायत उतई, जनपद पंचायत, खाद विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, क्रेडा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पंजीयन काउंटर, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि लगाए गए।

# मंत्री गजेन्द्र ने किया स्मार्ट क्लास का लोकार्पण

## बच्चों संग प्रार्थना में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर बघेरा हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास एवं प्रिंट रिच वातावरण का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को आधुनिक, रचनात्मक एवं तकनीक आधारित शिक्षण सुविधाओं की सौगात दी। शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक, नवाचार और व्यवहारिक ज्ञान के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास का आधार बन रही है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल सामग्री, वीडियो, चित्र एवं इंटरैक्टिव शिक्षण संसाधनों का लाभ मिलेगा, जिससे पढ़ाई अधिक सरल, रोचक और प्रभावी बनेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विकसित किया गया प्रिंट रिच वातावरण बच्चों में पढ़ने-लिखने की रुचि बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कक्षा एवं विद्यालय परिसर में शैक्षणिक चार्ट, शब्द भंडार, प्रेरणादायी संदेश, भाषा एवं गणित आधारित सामग्री तथा ज्ञानवर्धक प्रदर्शनों के माध्यम से बच्चों को निरंतर सीखने का अवसर प्राप्त होगा। इससे विद्यार्थियों की भाषा दक्षता, रचनात्मकता और सीखने की क्षमता में सकारात्मक वृद्धि होगी। गजेन्द्र यादव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रमों में शामिल हुए। दुर्ग के सरदार वल्लभभाई पटेल प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया। श्याम शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, पार्षद ललित ढीमर, प्राचार्य नितिन आदि मौजूद थे।

**जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने संभाग आयुक्त से की मामले की शिकायत**

# गढ़ कलेवा का संचालन महिला समूह के जिम्मे, चला रहा पुरुष, तय दरों से ज्यादा पैसे किए जा रहे चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला पंचायत परिसर में संचालित गढ़ कलेवा के संचालन में अनियमितता की शिकायत सामने आई है।

दुर्ग जनपद के उपाध्यक्ष राकेश कुमार हिरवानी ने इसकी शिकायत संभाग आयुक्त से की है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर नियमतः कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने लिखित में शिकायत में कहा है कि निविदा प्रक्रिया और अंजोरा स्थित डीपीआरसी भवन में संचालित सेंटर में खरीदारी जैम पोर्टल से की गई। शिकायत में कहा गया है कि गढ़ कलेवा संचालन के लिए जिला




पंचायत स्तर पर पूरी की गई निविदा प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया। निविदा दस्तावेजों में 100 के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य था, लेकिन चयनित समूह द्वारा मात्र 10 के टिकट युक्त नोटराइज्ड शपथ पत्र प्रस्तुत किए जाने के बावजूद उसे पात्र मान लिया गया। जबकि अन्य प्रतियोगी समूहों ने निर्धारित नियमों के अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित समूह के शपथ पत्र में गवाह और पहचानकर्ता के हस्ताक्षर तक नहीं हैं, फिर भी दस्तावेजों का नोटरीकरण किया गया। ऐसे में दस्तावेजों की वैधता और सत्यापन प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। शिकायत में मांग की गई है कि जिला पंचायत प्रशासन ने दस्तावेजों की जांच और सत्यापन किस आधार पर किया, इसकी विस्तृत जांच कराई जाए।

### मानकों का पालन नहीं, घटिया सामानों की हुई सप्लाई, अब तक नहीं हुई जांच

जनपद उपाध्यक्ष ने अंजोरा (ख) स्थित डीपीआरसी भवन में हाल ही में लगभग छह लाख रुपये की सामग्री खरीदी के मामले को भी जांच के दायरे में लाने की मांग की है। उन्होंने प्रस्ताव, प्राक्कलन, खरीदी प्रक्रिया, जैम पोर्टल से हुई खरीद, सामग्री की गुणवत्ता, भुगतान प्रक्रिया तथा भौतिक सत्यापन की स्वतंत्र जांच कराने का अनुरोध किया है। इस मामले में जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच किए जाने की मांग की गई है। हिरवानी ने कहा कि प्रथम दृष्टया पूरा मामला निविदा प्रक्रिया में पक्षपात, नियमों की अनदेखी और अधिकारियों की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष संलिप्तता नजर आती है।

### निर्धारित से अधिक दरों में लिया जा रहा शुल्क

हिरवानी ने बताया कि गढ़ कलेवा में उपभोक्ताओं को निर्धारित एवं स्वीकृत दरों से अधिक मूल्य पर खाद्य सामग्री बेचे जाने की शिकायतें भी प्राप्त हो रही है। ऐसे में जिला पंचायत द्वारा दरों की निगरानी, मूल्य नियंत्रण और निरीक्षण की क्या व्यवस्था की गई थी, इसकी भी जांच आवश्यक है।साथ ही साथ यह आवंटन महिला समूह के नाम से हुआ है, लेकिन संचालन पुरुषों के द्वारा किया जाता है। उनका उक्त महिला समूह से कोई संबंध नहीं है, जिससे यह एक ठेका जैसा प्रतीत होता है। साथ ही संबंधित समूह से देय किराया एवं अन्य शुल्कों की वसूली के संबंध में जनपद पंचायत और जिला पंचायत द्वारा की गई कार्रवाई की भी जांच की मांग की गई है।

### थनौद में 35 करोड़ से बनेगा कॉलम ब्रिज, होगा 130 मीटर लंबा



**दुर्ग।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत थनौद क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों व कृषकों की दीर्घकालिक मांग को केंद्र ने नए ब्रिज को मंजूरी दे दी है। थनौद में कॉलम ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। करीब 35 करोड़ रुपए की लागत से यह ब्रिज तैयार होगा। ब्रिज करीब 130 मीटर लंबा होगा। इस कॉलम ब्रिज की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात अब शीघ्र ही निर्माण कार्य की आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिससे भारतमाला परियोजना के साथ-साथ स्थानीय कृषकों के हितों का भी पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। ग्रामीणों ने इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### बालोद जिला किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी बने मुकेश

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा जारी नवीन सूची में बालोद जिले के लिए मुकेश बेलचंदन को जिला



सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के अध्यक्ष राकेश हरमुख एवं अन्य पदाधिकारी गण अतुल देशमुख, राकेश देशमुख, भुनेश्वर देशमुख खिलेश्वर देशमुख,महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख, सुनीता देशमुख आदि ने बधाई दी है।

### करोड़ों की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप



**धमधा।** धमधा ब्लॉक के ग्राम धरमपुरा में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की मुख्य सड़क से लगी करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर शत्रुघ्न यादव द्वारा कब्जा किया गया है। आरोप यह भी है कि पुलिस विभाग में पदस्थ सुरेश यादव की धौंस दिखाकर अतिक्रमण को संरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जब भी किसी ने इस मामले का विरोध किया या शिकायत करने की बात कही, तो उन्हें पुलिसिया रौब दिखाकर डराने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। इससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूरे मामले की शिकायत धमधा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से की गई है। अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शासकीय भूमि पर हुए कथित अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। मामले को लेकर एक और गंभीर आरोप सामने आया है। ग्रामीणों का दावा है कि पिछले दिनों क्षेत्र में अवैध मुरुम खनन को लेकर जो खबरें प्रकाशित हुई थीं, उस गतिविधि के पीछे भी शत्रुघ्न यादव का नाम सामने आया था। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### बच्चों का तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश




**अंडा।** सनराइज पब्लिक स्कुल , ग्राम- अंडा, मिलपारा में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल परिसर में नवप्रवेशी बच्चों के साथ पुराने विद्यार्थियों का भी स्वागत हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य जितेन्द्र साहू,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र साहू,शिक्षक दिनेश्वरी चंद्रकार, सोनी मैडम, काजल साहू, किरण चंद्रकार, लता गयाकवाड, हिमानी पटेल आदि उपस्थित थे।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग छ.ग.

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता अहसान उल्लाह खान पिता रहमान उल्लाह खान, उम्र 40 वर्ष निवासी- ए/15, आदर्श नगर, नेहा जनरल स्टोर के पीछे, वॉर्ड न 53, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 में निवासरत हूं, जो की निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।
1. यह कि मैं उपरोक्त दिए गए पते पर निवास करता हु।
2. यह की मै आर.ई.एस डिपार्टमेंट में सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूं एवं वर्तमान में जिला पंचायत दुर्ग में पदस्थ हूँ।
3. यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम सोफी तबस्सुम खान दर्ज है।
4. यह कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं पासपोर्ट में उसका नाम सोफी खान दर्ज है जो कि मेरी पत्नी का असल नाम है।
5. यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज मेरी पत्नी का नाम सोफी तबस्सुम खान एवं मेरी पत्नी के आधार कार्ड पैन कार्ड तथा पासपोर्ट में दर्ज उसका नाम सोफी खान यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का अर्थात मेरी पत्नी का नाम है।
6. यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम सोफी तबस्सुम खान के स्थान पर सुधार कर सोफी खान दर्ज करवाना चाहता हू इसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

अतः उपरोक्त कथन की सत्यता के संबंध में मेरे द्वारा यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

अहसान उल्लाह खान
शपथकर्ता

# सुरपा शाला भवन हुआ जर्जर, 105 बच्चे खतरे के बीच पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

**जनभागीदारी समिति ने सारी जानकारी भेज दी है शिक्षा विभाग को, लापरवाही से रोष**





शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरपा का भवन जर्जर हो चुका है। 105 विद्यार्थियों का भविष्य से यहां खिलवाड़ हो रहा है। शासकीय हाईस्कूल सुरपा जनभागीदारी अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि पिछले साल भी मिडिल स्कूल भवन जर्जर होने की जानकारी शिक्षा विभाग को दी जा चुकी है।शिक्षा सत्र 2025/26 निकल गया नवीन शिक्षा सत्र 2026 /27 प्रारंभ हो गया किंतु जर्जर भवन को ठीक करने में शिक्षा विभाग ने कोई रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव भेजने की जानकारी विभाग से मिली थी लगता है प्रस्ताव रद्दी की टोकरी में चला गया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैया से ग्रामीण पालकों में रोष पनपने लगा है। जर्जर भवन के कारण किसी बच्चे को नुकसान हुआ तो शिक्षा विभाग को आक्रोशित पालकों का सामना करना भारी पड़ सकता है। आशंकित अनहोनी घटना से बचने के लिए जर्जर भवन को त्वरित व्यवस्थित करने की मांग शासकीय हाई स्कूल सुरपा में अध्यक्ष प्रमोद जैन सुरपा,दुर्गेश रजक युवा नेता भारतीय जनता पार्टी किशोर सेन बूथ अध्यक्ष किशोर यादव, लोकेश्वर रजक, अशोक पटेल, देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष, रिगेश्वर सिन्हा और नरेन्द्र कुमार धरमगुड़ी सहित ग्रामीणों ने की है।

## ग्रामीणों ने की जमकर नारेबाजी, मांगे पूरी करने किया विरोध प्रदर्शन

# खाद-बीज और प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर किया जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**ढाई घंटे के बाद मिला प्रशासन का आश्वासन, तब ग्रामीणों ने खत्म किया आंदोलन**




किसानों को पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृत करने की मांग को लेकर गुरुवार को किसानों और आवास हितग्राहियों ने पाटन विधानसभा के ग्राम कुर्मीगुंडरा के लक्ष्मी सागर तालाब में जल सत्याग्रह किया। जल सत्याग्रह में गांव के देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व कृषि मंत्री रामविचार नेताम की फोटो लगाकर पूजा अर्चना की गई, इसके बाद जल सत्याग्रह शुरू हुआ।

जनकल्याण समिति के संयोजक युगल किशोर आडील के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण पानी में खड़े होकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किये. करीब ढाई घंटे तक जल में प्रवेश कर सत्याग्रह किया गया, अधिकारियो की आश्वाशन के बाद सत्याग्रह समाप्त किया गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि खेती का सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन क्षेत्र में किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहा है, जिससे खेती प्रभावित होने की आशंका है। वहीं कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से अब तक वंचित हैं।इन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर किसानों और हितग्राहियों ने जल सत्याग्रह का रास्ता अपनाया था। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जल सत्याग्रह के दौरान किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए खाद-बीज की सुचारू उपलब्धता और आवास योजना के लंबित मामलों का तत्काल निराकरण करने की मांग करते रहे।

### सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का सहयोग

जल सत्याग्रह में क्षेत्र के किसान, आवास हितग्राही तथा विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। युगल किशोर आडिल ने कँहा की आज स्थिति यह हो गया हैं की किसानों को अपनी लड़ाई खुद लड़ना होगा यह लड़ाई किसानों की हैं। और हक की लड़ाई हैं,आज खेती के लिए खाद बीज की किल्लत हो रही हैं किसान परेशान हैं. सरकार को लगता था की किसान मजदूर एक नहीं हो सकते हैं इसी सोच से परेशान कर रहे हैं. आज एकजुट होने की जरुरत हैं हमें अपनी ताकत दिखाना होगा। इसी प्रकार अपनी हक्र की आगे लड़ते रहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि खाद-बीज की समस्या और आवास योजना के लंबित मामलों को लेकर लगातार आवाज उठाने के बावजूद प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। अब जब लोग मजबूर होकर तालाब में उतरकर जल सत्याग्रह कर रहे हैं, तब भी प्रशासनिक अमला केवल दूर से स्थिति देखता नजर आ रहा है। आंदोलनकारी तालाब के पानी में खड़े होकर अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराते रहे, लेकिन मौके पर न तो एंबुलेंस की व्यवस्था की गई और न ही स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम तैनात दिखाई दी।' तालाब में भी इस सत्याग्रह को लेकर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था में कमी देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल सत्याग्रह जैसे आंदोलन में सुरक्षा के विशेष इंतजाम, चिकित्सा दल और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी होती है, लेकिन यहां ऐसी कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दी। इससे प्रशासन की तैयारियों और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मांगे पूरी नहीं होंगी तो करेंगे उग्र आंदोलन

खाद-बीज की उपलब्धता एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की मांग को लेकर लक्ष्मी सागर तालाब में जल सत्याग्रह पर बैठे किसानों और आवास हितग्राहियों ने प्रशासन के आश्वासन के बाद अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। जन कल्याण समिति के संयोजक युगल किशोर आडील ने बताया कि जनपद पंचायत पाटन के सीईओ महेंद्र जांगड़े एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पुष्पा रामटेके ने आंदोलन स्थल पहुंचकर किसानों और हितग्राहियों से चर्चा की। अधिकारियों ने खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवास संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद जल सत्याग्रह कर रहे किसान एवं आवास हितग्राही तालाब से बाहर आए। आंदोलनकारियों ने कहा कि यदि निर्धारित समय में मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर युगल किशोर आडिल, मुकेश वर्मा, शरद ठाकुर, संतोषी ठाकुर, तरुण साहू, कृष्णा साहू, महेश साहू, टोकेंद्र वर्मा, पेमीन यादव, शारदा ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, नोमिन ठाकुर, भारती साहू, रामस्वरूप साहू, पवन वर्मा, पालेकर ठाकुर, किशोर चंद्राकर, मिलन साहू, पंचदेव साहू, वीरेंद्र साहू, देवेंद्र यादव, दिलेश्वर साहू, नोमेश साहू, टेवन पटेल, लुम्मन वर्मा, सत्येंद्र साहू, चंद्रहास यादव, कामिनी ठाकुर, अकरुद ठाकुर, सोमन वर्मा, दिलीप ठाकुर, डाकेश्वर साहू, सावित्री ढ़ीमर, बोधन साहू, रुखमनी साहू, गिरजा साहू, कीर्ति साहू, कल्यानी यादव, गीता ठाकुर, त्रिवेणी वर्मा, सुशीला पटेल, गंगा मंडलेस, कुमारी साहू, चुम्मन साहू आदि उपस्थित थे।




## शिविर में हुई सेहत की जांच, महिलाओं ने परंपरागत खेलों में लिया जमकर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत कुथरेल चंद्राकर भवन में जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जामुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने की। अन्य अतिथियों में जनपद सदस्य कुथरेल लोमेश चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य प्रदीप चंद्राकर और पूर्व सरपंच कुथरेल श्रीमती राजश्री चंद्राकर उपस्थित थे।

■ पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम

दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा झा ने विभागीय जानकारी के साथ बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की चर्चा की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से रीना शर्मा द्वारा एचपीवी वैक्सीन के बारे मे जानकारी दी। पुलिस विभाग की रक्षा टीम से मीरा वर्मा ने साइबर अपराध से बचने जानकारी दी। अधिवक्ता विभा मिश्रा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे मे जानकारी दी।

जिले की आईसीपीएस टीम ने पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, छत्तीसगढ़ स्पॉन्सरशिप योजना, दत्तक पुत्री योजना, साइबर क्राइम, लैंगिक अपराधों से पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के संबंध में कानूनी जानकारी दी। कार्यक्रम में 20 महिलाओ की एचबी जाँच के साथ साथ किशोरी बालिका की एचबी, 20 सिकलिन टेस्ट किया गया। महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं छोटे छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान अनुसूइया साहू , द्वितीय गीतांजलि बघेल एवं तृतीय स्थान पदमिनी देशलहरे ने वहीं मटका फोड़ में उमा देशमुख ने प्रथम और दानिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता महिलाओं को पुरस्कार दिया गया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाले रेडी टू ईट एवं नमकीन पौष्टिक दलिया से बने हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजन की प्रदर्शनी भी की गई। कार्यक्रम में 04 गर्भवती महिलाओ को पोषण किट प्रदान कर गोदभराई कार्यक्रम कराई गई एवं 04 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक ममता साहू, चंद्रकला वर्मा, शशि रैदास सोनल सोनी , कंचन गौतम, रागिनी अमृत एवं कुथरेल की कार्यकर्त्ता के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलायें उपस्थित रहीं। वही कुथरेल की कार्यकर्ता शैलेन्द्री चंद्राकर, गीता साहू, निरंजना चंद्राकर, चित्रेखा चंद्राकर एवं सहायिका नीरा चंद्राकर, सीता साहू, हेमलता साहू, शैलकुमारी देशमुख को सम्मानित किया गया।

## भाजपा किसान हितैषी कभी नहीं हो सकती : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन




एआईसीसी महासचिव, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को रानीतराई, निपानी स्थित सेवा सहकारी समिति पहुंचे, जहाँ उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

■ सेवा सहकारी समिति रानीतराई, निपानी में सैकड़ों किसानों से की चर्चा

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने किसान भाइयों, मातृशक्ति एवं समिति सदस्यों से आत्मीयता के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं, चिंताओं और अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। किसानों के चेहरे पर झलकती उम्मीद और विश्वास इस बात का प्रमाण था कि जब नेतृत्व संवेदनशील हो, तो जनता अपनी बात निसंकोच रख पाती है। दाऊ जी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था और संस्कृति की मजबूत नींव हैं। उनके सुख-दुःख को समझना, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए खड़े रहना और उनके सम्मान की रक्षा करना ही सच्ची जनसेवा है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल का यह दौरा इसी जनसरोकार, संवेदनशीलता और किसान हितैषी सोच का परिचायक है। इस दौरान पर दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, मंडल अध्यक्ष सोहन जोशी, दिनेश साहू जनपद सदस्य, अजय साहू, भेदप्रकाश वर्मा, ईश्वर शर्मा, भविष्य जैन, योग्य बघेल, सागर सिन्हा, जानकी चोपड़िया, हेमू सोनकर, पी आर विनायक, राजा ठाकुर, नारद साहू, हेमलाल साहू, सीताराम ठाकुर, विष्णु वर्मा, केदार वर्मा, संतोष पटेल, कृपाल बंजारे आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीएजेएमसी, बीएड और स्नातकोत्तर एमए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान और एमएससी वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, बायोटेक, माइक्रोबायोलाजी, आईटी, भौतिक शास्त्र, कंप्युटर विज्ञान, प्राणीशास्त्र, पीजीडीसीए व पीजीडीपीजीसी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्राध्यापक तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के कारण यह संस्थान विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। 42 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाला यह महाविद्यालय आज भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और श्रेष्ठ परिणामों के लिए क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में सर्वाधिक स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में इस महाविद्यालय के छात्रों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही है, जिससे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता का पता चलता है। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्रवेश पोर्टल खुल चुका है और प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी शीघ्र ही विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीयन (रेजिस्ट्रैशन) कराकर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते है। महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्थान सीमित हैं, इसलिए सीटें भरने से पूर्व प्रवेश लेना विद्यार्थियों के हित में होगा।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत बासीन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जामुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे थी। अध्यक्षता जनपद पंचायत दुर्ग सभापति गोकुल वर्मा ने की। अन्य अतिथि गण जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा करंजा भिलाई, दिलीप वर्मा सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष करंजा भिलाई ,ग्राम की प्रथम नागरिक सरपंच चित्ररेखा साहू,पंचगण अनपूर्णा देवागन ,चन्द्रकला नवरंगे और अन्नू बंछोर रहे।

दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा ने विभागीय जानकारी के साथ बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की चर्चा की । अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अभियान द्वारा विभिन्न जन जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग से डाली साहू ने एचपीवी वैक्सीन के बारे मे जानकारी दी जो आने वाले समय में गर्भाशय कैंसर के बचाव के लिए 14 वर्ष से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निशुल्क जिला स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लगाया जा रहा है। पुलिस विभाग की रक्षा टीम से दीपक साहू द्वारा साइबर अपराध से बचने, डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ भी नहीं होता उसके प्रति सजग रहने के बारे में जानकारी दी गई। अधिवक्ता विभा मिश्रा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे मे जानकारी दी तथा बेटियों के साथ साथ बेटों को भी संस्कार देने की बात कही। कार्यक्रम में 04 गर्भवती महिलाओ को पोषण किट प्रदान कर गोदभराई कार्यक्रम कराया गया एवं 04 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया और स्वस्थ शिशु हेतु मंगलकामनाएं की गई। कार्यक्रम में परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा, चंद्रकला वर्मा, शशि रैदास ,तृप्ति शर्मा ,एवं ननकट्टी एवं जेवरा सिरसा की कार्यकर्त्ता के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति

जिले से आईसीपीएस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, छत्तीसगढ़ स्पॉन्सरशिप योजना, दत्तक पुत्री योजना, साइबर क्राइम, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो लैंगिक अपराधों से पीड़ित हैं, उस संबंध में कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 30 महिलाओ का एचबी जाँच के साथ साथ किशोरी बालिका का एचबी, सिकलिंग टेस्ट किया गया, जिसमें 45 बालिकाएं लाभान्वित हुई, इन बालिकाओं को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं छोटे छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान दुर्गा को मिला वहीं मटका फोड़ में जनता ने प्रथम और अलका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता महिलाओं को पुरस्कार दिया गया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खोदे गए गड्ढे को नगर निगम ने जेसीबी लगाकर किया समतल

**भिलाई।** कुरूद रोड कोहका भिलाई में अवैध रूप से पेट्रोल पंप द्वारा खोदे गए गड्ढे के कारण बिजली पोल की नींव कमजोर हो चुकी थी। साथ ही कभी भी दुर्घटना का संभावना बनी रहती थी। राहगीरों और आसपास के निवासियों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया था। भाजपा नेता शारदा गुप्ता द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन और पीएमओ कार्यालय तक की जा चुकी थी। भाजपा प्रदेश संवाद प्रमुख झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी हाल में पेट्रोल पंप खोलने नहीं दिया जाएगा। जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पार्षद अभिषेक मिश्रा ने पूरे समय खड़े रहकर गड्ढे को लेवलिंग कराया। शारदा गुप्ता ने प्रशासन से अपील है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। मांग करने वाले में आनंद बसंत, भारती, प्रशांत पासवान, सुगंधी वर्मा, निर्मल भारती आदि शामिल हैं।

### कोक ओवन विभाग के ठेका श्रमिक सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन विभाग के चार ठेका श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रक्रियाओं एवं निर्धारित मानकों का उत्कृष्ट अनुपालन करने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस ने सम्मानित किया। उप महाप्रबंधक एसएस मेश्राम भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा केवल नियमों के अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मचारी एवं श्रमिक की कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि सहकर्मियों एवं समग्र कार्यस्थल को भी सुरक्षित बनाता है।

# इंडोर स्टेडियम खुर्सीपार में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, व्यवस्थाओं पर रखेंगे नजर



12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर नगर पालिक निगम भिलाई ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नवा रायपुर के निर्देशानुसार 21 जून रविवार को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर खुर्सीपार स्थित इंडोर स्टेडियम खुर्सीपार में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किए हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थित और सफलतापूर्वक हो सके। आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिथियों को आमंत्रित करने, माइक एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों के स्वागत-सम्मान, टेंट एवं गद्दों की व्यवस्था, पेयजल और स्वल्पाहार उपलब्ध कराने, स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं स्वच्छता दीदियों के सम्मान, चलित शौचालय की व्यवस्था, स्थल की साफ-सफाई, प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरण, आमंत्रण पत्र एवं मोमेंटो तैयार कराने, कार्यक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी, योग प्रशिक्षकों की उपलब्धता तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है।

निगम प्रशासन ने कार्यक्रम की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए हैं, जो सभी व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखेंगे। निगम प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने की अपील की है। योग दिवस को लेकर निगम प्रशासन की व्यापक तैयारियों से यह आयोजन भव्य एवं सफल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कार्मिक भी असमंजस में, आवेदन वापस ले सकने का विकल्प जोड़ा

# मेन पावर से जूझ रहे बीएसपी में अब वीआर से बढ़ सकती हैं मुश्किलें, प्रबंधन ने शुरू की काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर की कमी के लिए सेल प्रबंधन के चल रहे चौतरफा प्रयासों के तहत स्वैच्छिक सेवानिवृत्त योजना (वीआर स्कीम) अब बीएसपी के लिए गले की हड्डी बनती जा रही है। पहले से कार्मिकों की कमी से जूझ रहे कुछ विभागों में अधिक अधिकारियों के वीआर को लेकर दिलचस्पी दिखाने से कर्मियों की तरह प्रबंधन के सामने असमंजस की स्तिथि बनती जा रही है। वीआर के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 20 जुलाई है।

उल्लेखनीय है कि कई संकटों से घिरे बीएसपी में मेन पावर कम करने के लिए वीआर स्कीम लागू की गई है। वहीं अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना लाने की कवायद भी जारी है। इस दौरान वीआर स्कीम को लेकर अब कार्मिकों के साथ प्रबंधन को भी पसोपेश की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह अपेक्षा से अधिक अधिकारियों द्वारा वीआर के लिए आवेदन जमा किया जाना है। बीएसपी में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति 20 मई से लागू की गई है जिसमें कर्मी अधिकारियों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 20 जुलाई है। अब तक 125 कर्मचारी व 55 अधिकारियों ने आवेदन जमा किए। वीआर स्वीकार करने को लेकर उच्च प्रबंधन की नीति पहले आओ पहले पाओ की है। क्योंकि प्रबंधन की मंशा अधिक से अधिक लोगों को घर बिठाना है। लेकिन इस दौरान कुछ विभागों में उम्मीद से अधिक अधिकारियों के आवेदन जमा करने से प्रबंधन के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो जाने से आवेदकों को अपने आवेदन वापस लेने का भी अलग से प्रावधान जोड़ दिया गया है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक एसएमएस -2 में एकदम से 18 महाप्रबंधकों ने वीआर के लिए आवेदन जमा किए हैं। जबकि यह विभाग पहले से ही मेनपावर की कमी से जूझ रहा है। इसी तरह अन्य दो विभागों में भी अधिक अधिकारियों व कर्मियों द्वारा आवेजन जमा करने से असहज हालात उत्पन्न हो गए हैं।

वीआर के लिए आवेदन करने वालों की एफेक्टेड डेट 30 जून व 31 जुलाई है। यदि इतनी अधिक संख्या में अधिकारी वीआर ले लेंगे तो कामकाज और प्रबंधकीय संतुलन गड़बड़ा जाएगा। हालत उगलते बने न निगलते वाली हो गयी है। आगे अंतिम तारीख 20 जुलाई तक यदि इसी तादाद में कार्मिक वीआर के लिए आवेदान जमा करते रहे तो फिर पहले से मेन पावर की किल्लत से जूझ रहे संयंत्र या इसके समस्याग्रस्त विभागों में कामकाज कैसे होगा। बताते हैं कि इसे देखते हुए प्रबंधन ने अब अधिकारियों को रोकने के लिए रणनीतिक रास्ता अख्तियार किया है।

### एक साथ 18 अधिकारियों के आवेदन



### मानमनौव्वल के लिए मजबूर

प्रबंधन ने संयंत्र के विभिन्न विभागों में वीआर के आवेदनों के देखते हुए आवेदक अधिकारी व कर्मियों की काउंसिलिंग शुरु कर दी है। बताते हैं कि जो विभाग मेन पावर से जूझ रहे हैं और जहां मिनिमम अधिकारी, कर्मियों या अनुभवी लोगों की जरुरत है,उन्हें आवेदन वापस ले सकते हैं कहकर समझाया जा रहा है। दिलचस्प यह है कि कुछ आवेदक समझाइश देने वाले अफसरों के सामने अपने आगे काम करने की शर्ते भी रख रहे हैं। विदित हो कि जिन अधिकारियों का सेवाकाल 4 माह से 8 महीने से भी अधिक है, उनमें भी की लोग वीआर के लिए आवेदन जमा किए हैं। अब तक 180 लोगों ने आवेदन जमा किये हैं।मौजूद स्थिति में वीआर को लेकर कार्मिक उहापोह की स्थिति में हैं।

### दोतरफा बढ़ेंगी मुश्किलें

एक्सपांशन प्रोजेक्ट और सुविधाओं में कटौती से जूझ रहे सेल के सबसे बड़े प्लांट बीएसपी में यदि प्रबंधन की आशा से अधिक कार्मिक वीआर के लिए आवेदन जमा करते हैं तो इससे कंपनी की दोतरफा मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वर्तमान में बीएसपी में करीब दस हजार कर्मी और 22 सौ अधिकारी ही कार्यरत हैं। ऐसी स्थिति में वर्क्स व नान वर्क्स के विभागों व अनुभागों में जहां, मेन पावर संकट है यदि अधिक लोग वीआर ले लेंगे तो कार्य निष्पादन व उत्पादन को लेकर प्रबंधन की दिक्कत बढ़ेगी। वहीं दूसरी ओर सेल को वीआर लेने वालों को राशि में आधिक जुटानी पड़ेगी। मसलन एक अफसर का वेतन 2 से तीन लाख है, इस हिसाब से वीआर की राशि करोड़ों रुपए भुगतना करना पड़ेगा। जबकि एक्सापांशन प्रोजेक्ट जैसे हैवी बजट पहले से हैं।

## बीएसपी में करोड़ों रुपए की लौह सामग्री चोरी राष्ट्रीय संपत्ति पर संगठित हमला, सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ भोजराज सिन्हा ने पुलिस अधिक्षक को सौंपा ज्ञापन

नगर पालिक निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भिलाई इस्पात संयंत्र में करोड़ों रुपए मूल्य की लौह सामग्री चोरी के मामले को केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति, औद्योगिक सुरक्षा एवं जनविश्वास पर सुनियोजित हमला बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्रकरण जितना गंभीर दिखाई दे रहा है, उसकी परतें उससे कहीं अधिक गहरी प्रतीत होती हैं और इसकी निष्पक्ष व व्यापक जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई की जांच आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग को सौंपे गए प्रतिवेदन में इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की अनुशंसा राज्य शासन एवं सक्षम प्राधिकारियों को भेजने की मांग की है। भोजराज सिन्हा ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि लाखों लोगों की भावनाओं, देश की औद्योगिक प्रगति और राष्ट्र निर्माण के गौरव का प्रतीक है। ऐसे प्रतिष्ठान से करोड़ों रुपये मूल्य की लौह सामग्री का चोरी होना अत्यंत चिंताजनक है। यह घटना दर्शाती है कि संगठित आपराधिक तत्वों ने राष्ट्रीय संपत्ति को अपना निशाना बनाया और लंबे समय तक एक सुनियोजित तंत्र के माध्यम से इस अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि दुर्ग पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, जो सराहनीय है, किंतु जनता के मन में यह स्वाभाविक प्रश्न उठ रहा है कि यदि इतनी बड़ी मात्रा में सामग्री की चोरी हुई तो इसके पीछे केवल कुछ लोग ही जिम्मेदार नहीं हो सकते। इस पूरे प्रकरण में कौन लोग संरक्षण दे रहे थे, किसके इशारे पर यह नेटवर्क संचालित हो रहा था, किसे आर्थिक लाभ पहुंच रहा था और किन स्तरों पर लापरवाही अथवा मिलीभगत हुई, इसकी भी गहन जांच होना आवश्यक है। यदि ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों को बेनकाब कर कठोर दंड नहीं दिया गया तो यह भविष्य में संगठित आर्थिक अपराधों को बढ़ावा देने का कारण बन सकता है।

## पूर्व सीएम के फर्जी पोस्ट मामले में आईटी एक्ट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के संबंध में फर्जी, भ्रामक एवं फोटोशॉप सामग्री प्रसारित करने वाले कथित यूट्यूबरों के विरुद्ध निष्पक्ष, प्रभावी एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग कांग्रेस ने की है। इसे लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर संयुक्त रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से सुनियोजित तरीके से झूठी एवं भ्रामक सामग्री प्रसारित कर न केवल किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि समाज में भ्रम फैलाकर लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित किया जा रहा है। ऐसे मामलों में केवल भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) के तहत अपराध दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं को भी जोड़ा जाना आवश्यक है। प्रकरण की वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में साइबर एवं तकनीकी जांच कराई जाए, फर्जी सामग्री तैयार करने, संपादित करने और प्रसारित करने वाले सभी व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। पूर्व में इसी प्रकार की शिकायतों में हुई कार्रवाई की भी जांच कर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

## भारतीय नाविकों की अमेरिकी नौसेना द्वारा हत्या के विरोध में वाम दलों ने किया प्रदर्शन



**भिलाई।** होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे भारतीय नाविकों वाले वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी नौसेना द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ अखिल भारतीय स्तर पर वाम दलों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के तहत भिलाई में भी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी),भारत की कम्युनिस्ट पार्टी एवं भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी- लेनिन वादी) द्वारा सेल परिवार चौक सिविक सेंटर में प्रदर्शन किया गया।

मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के लिए सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाने की मांग ज्ञापन में की गई है।

प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन की ये कार्रवाईयाँ संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय जल में मुक्त नौवहन के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। अमेरिका एक गुंडे की तरह काम कर रहा है, जो पूरी दुनिया पर अपना वर्चस्व थोपने की कोशिश कर रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा नीत केंद्र सरकार स्वतंत्र विदेश नीति से मुकरकर अमेरिका की कनिष्ठ भागीदार बनकर अपने कर्तव्य में बुरी तरह विफल हो रही है। सरकार की दयनीय प्रतिक्रिया और अमेरिका से माफी मंगवाने में उसकी विफलता इसका ताजा उदाहरण है। यह भारत की संप्रभुता और आत्मसम्मान पर हमला है।

## दुर्घटना में धायल पोते के महंगे इलाज के लिए उम्रदराज किसान जमीन बेचने मजबूर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सुशासन तिहार में पंचराम ने की खसरा नं. में सुधार की गुहार

जमीन के नापजोक के राजस्व मामले में पटवारी किस तरह लापरवाही कर रहे हैं, इसका एक संजीदा मामला सामने आया है, जिसमें अपने पोते के इलाज के लिए जमीन बेचने वाले दारगांव के एक गरीब उम्रदराज किसान को दफ्तरों में भटकना पड़ रहा है। 85 वर्षीय फरियादी किसान ने छत्तीसगढ़ सुशासन तिहार शिविर दारगांव में अर्जी देकर न्याय की गुहार लगा गई है। कलेक्टर को दिए आवेदन में मांग की है कि बयशुदा जमीन ग्राम माटरा खसरा 575 का टुकड़ा में त्रुटि सुधार कर उत्तर दिशा में नाला का उल्लेख किया जाए।

निकटस्थ ग्राम माटरा के 85 वर्षीय किसान पंचराम साहू पिता कार्तिक राम ने हरिभूमि भिलाई कार्यालय में बताया कि दस्तावेज में गलत नापजोख के सुधार की मांग को लेकर 22 अप्रेल तहसीलदार को भी आवेदन दिया था लेकिन परिणाम शून्य है। बाद सुशासन तिहार में सौंपे गए आवेदन में पंचाराम साहू ने बताया कि मेरे एकलौते पोते की 3 मई 22 को हुई दुर्घटना के चलते इलाज चल रहा है । इलाज में 32 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं और कर्ज से लद चुका हूं। पोते जीवन बचाने और कर्ज से कुछ राहत के लिए अपने नाला से घिरा हुआ 4 डोली नापजोक में आएगा, जिसका सौदा किया है। इकरारनामा के अनुसार दिसंबर 25 के अंदर रजिस्ट्री होना था पर नहीं हुआ है। अचानक 25 जनवरी 26 को पटवारी ग्राम माटरा हल्का नंबर 24 प्रभाकर बघेल द्वारा 4 डोली के अतिरिक्त ज्यादा नापजोख करके 035 आरए का नकल रजिस्ट्री के लिए दे दिया है। लेकिन इसमें 4 डोली की सीमा का उल्लेख नहीं है,जो गलत है। सुधार के लिए तहसीलदार धमधा को 18 फरवरी 26 को आवेदन दिया था, जो नायब तहसीलदार राजपूत के पास लंबित है। इस दौरान क्रेता द्वारा मुझे पूरी राशि प्राप्त होने व रजिस्ट्री के लिए बाध्य करने पर बयसुदा जमीन की रजिस्ट्री उप पंजीयक धमधा द्वारा हो चुकी है, लेकिन सौदा इकरारनामा के विरुद्ध है। फरियादी श्री साहू ने बताया कि नकल पेपर में मेरे बयसुदा जमीन की सीमा उत्तर दिशा में खसरा नंबर 572 लिखा है जो त्रुटिपूर्ण है। क्योंकि खसरा 575 और खसरा 572 के बीच में मुख्य नाला है, जो मौदा कंदई खार से आया है। इसका उल्लेख न कर 4 डोली के उत्तर दिशा मुख्य नाला है लिखे जाने की जरुरत है। फरियादी ने सुशासन तिहार में गुहार की है कि 4 डोली की जमीन की नापजोख में जो आएगा और उसके सीमा क्षेत्र में बयसुदा जमीन उत्र दिशा का उल्लेख किया जाए। नकल व रजिस्ट्री दस्तावेज मेखसरा नंबर 572 को सुधारा जाए।




## निगम आयुक्त पाण्डेय ने विकास कार्यों का लिया जायजा

# निर्माणाधीन पानी टंकी, सफाई व्यवस्था और ई-लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं जनसुविधा कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने नवनिर्मित उच्च क्षमता वाले जलागार, सड़कों की सफाई व्यवस्था, अवैध रूप से सड़क पर रखे गए बिल्डिंग मटेरियल तथा ई-लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### सड़क निर्माण सामग्री हटाने के दिए निर्देश

आयुक्त पांडेय ने वार्ड-42 गौतम नगर स्थित सड़क क्रमांक-51 में नवनिर्मित उच्च क्षमता वाले जलागार का निरीक्षण किया, इस दौरान पार्षद श्याम सुंदर राव भी उपस्थित रहे। आयुक्त ने कहा है प्राथमिकता के साथ क्षेत्रवासियों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान बालाजी नगर में कई स्थानों में सड़क पर निर्माण सामग्री पाया गया, आयुक्त ने संबंधित मकान मालिकों को तत्काल सामग्री हटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर मटेरियल रखने से यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को परेशानी होती है। निर्धारित समय में सामग्री नहीं हटाने पर संबंधित व्यक्तियों पर अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी।

### पानी निकासी की व्यवस्था बनाने कहा

आयुक्त पांडेय ने सुभाष नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने बरसात के दौरान सड़कों पर जलभराव की समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को पानी की निकासी के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यक तकनीकी उपाय तत्काल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा आयुक्त ने क्षेत्र में संचालित होने वाली ई-लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी के व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों एवं युवाओं को आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का लाभ और बेहतर मिल सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, उप अभियंता बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार आदि मौजूद थे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

मॉनसून में कॉटन स्ट्रेट सूट के...

लाइव इवेंट

## नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर खिलाई मिठाई, पुस्तक और ड्रेस वितरित



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गनियारी में कक्षा पहली और छठवीं के नव प्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा पुस्तक एवं ड्रेस वितरित कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता भाजपा प्रेम लाल साहू, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र कोसरे, गजानंद गोस्वामी वरिष्ठ भाजपा नेता, देवेंद्र जोशी संकुल समन्वयक, आरती ठाकुर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति और संजय चंद्राकर उपाध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रेम लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सपनों को साकार करने का पहला मंच है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करने का आग्रह किया। धर्मेंद्र कोसरे ने कहा कि बच्चों की शिक्षा में परिवार, शिक्षक एवं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षित एवं विकसित समाज का निर्माण संभव है। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं विद्यालीन ड्रेस वितरित की गई और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल देवांगन और अंत में प्रधान पाठक मनोज वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शाला परिवार ने संकल्प लिया कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर शरद वर्मा, संगीता चंद्राकर, किरण मांडवी, अनिल, पॉल, चक्रवर्ती मैडम, भारती शर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## मिशन हीमोग्लोबिन में 85 यूनिट रक्तदान स्वास्थ्य सेवकों का किया गया सम्मान



**दुर्ग।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा नव दृष्टि फाउंडेशन द्वारा मिशन हीमोग्लोबिन के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मानव सेवा अभियान में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिसके परिणामस्वरूप कुल 85 यूनिट रक्तदान किया गया। यह प्रयास जरूरतमंदों के जीवन बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और ऐसे अभियान समाज में सेवा भावना एवं जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। सचिव जेसी तोरण अटल ने सभी रक्तदाताओं, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मेंटोर पास्ट प्रेसिडेंट सीपी अंजू गजवानी, पास्ट प्रेसिडेंट रजनीश जायसवाल, डायरेक्टर डॉ. आशीष-दीपलक्ष्मी देवांगन, नितेश-अपेक्षा केडिया, डॉ. सोनिका-सुमेध बोधि, प्रोग्राम डायरेक्टर्स डॉ. कुमकुम-संजय डे, विकास जायसवाल, वीपी इंचार्ज जेएफएम जीएसएम वामसी का विशेष सहयोग रहा। चेयरपर्सन लेडी रानू कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ "सल्यूट टू ह्यूमैनिटी" कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान भी किया गया। डॉ. गुंजा पिंचा, डॉ. अनुराग बक्शी, लेडी डॉ. अपर्णा बक्शी, लेडी डॉ. कुमकुम डे, डॉ. आशीष देवांगन, डॉ. दीपलक्ष्मी देवांगन, डॉ. श्वेता देशलहरा, डॉ. प्रीति समद्दार, डॉ. सोनिका बोधि एवं जेसी डॉ. वर्षा झंवर को सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को भी निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित किए जाते हैं।



● अनुराग बसु से लेकर 'चक दे इंडिया' की चित्रांशी रावत तक, भिलाई में जुटेंगी सिनेमा जगत की नामचीन हस्तियां

# भिलाई का पहला फिल्म फेस्टिवल, बॉलीवुड सिलेब्स देखेंगे छत्तीसगढ़ के युवाओं की बनाई फिल्में, पुरस्कार बांटेंगे

**भिलाई।** अगले सप्ताह बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेता, डायरेक्टर और लेखक भिलाई पहुंचेंगे। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 23 से 25 जून तक होने वाले रूंगोत्सव फिल्म एवं मीडिया फेस्टिवल में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग बसु, चक दे इंडिया की अभिनेत्री चित्रांशी रावत, फिल्म चमन बहार के लेखक-निर्देशक अपूर्व धर बड़गियां, फिल्मकार धुर्वादित्य भगवानानी और फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा समेत छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई चेहरे शामिल होंगे। संभवतः भिलाई में यह पहला फिल्म फेस्ट होगा, जहां बॉलीवुड के प्रसिद्ध चेहरे छत्तीसगढ़ के युवाओं को फिल्म मेकिंग समझाएंगे। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में फिल्में दिखाई जाएंगी, अभिनय और पटकथा लेखन की बारीकियां सिखाई जाएंगी, साथ ही युवाओं को फिल्म और मीडिया क्षेत्र में करियर के अवसरों की जानकारी भी मिलेगी।



### युवाओं के लिए विशेष सेशन

फेस्टिवल का सबसे बड़ा आकर्षण अनुराग बसु का सत्र होगा। बर्फी, लाइफ इन ए मेट्रो, गैंगस्टर, मर्डर, जग्गा जासूस और लूडो जैसी फिल्मों के निर्देशक अनुराग बसु 24 जून को युवाओं से संवाद करेंगे। छत्तीसगढ़ से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले अनुराग अपने संघर्ष, सफलता और फिल्म निर्माण के अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में छात्रों को उनसे सीधे सवाल पूछने का मौका भी मिलेगा।

इसी दिन लेखक और निर्देशक अपूर्व धर बड़गियां और विवेक शर्मा भी विशेष सत्र लेंगे। छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखने वाले अपूर्व लोकप्रिय वेब सीरीज मिर्जापुर 3 के लेखक भी रहे हैं। वे युवाओं को कहानी लिखने, पटकथा तैयार करने और फिल्मों के लिए विषय चुनने की प्रक्रिया के बारे में बताएंगे। फिल्म चक दे इंडिया में कोमल चौटाला के किरदार से घर-घर पहचान बनाने वाली चित्रांशी अभिनय, अनुशासन, टीमवर्क और कैमरे के सामने आत्मविश्वास बनाए रखने के अनुभव साझा करेंगी। फेस्टिवल के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ी सिनेमा के प्रमुख नाम अनुज शर्मा, सतीश जैन, मनोज वर्मा और मनीष मानिकपुरी भी मंच साझा करेंगे।

### युवाओं ने बनाई फिल्में

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने बताया कि, प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में पढने वाले सैकड़ों विद्यार्थी इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगे। इन विद्यार्थियों ने फेस्ट के लिए अपनी रुचि के हिसाब से शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई है, जिसे लीडिंग डायरेक्टर्स के सामने दिखाया जाएगा। सबसे अच्छी फिल्म को पुरस्कार मिलेंगे। इसके अलावा प्रदेश के कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लुएंसर्स के नॉमिनेशन मांगे गए थे, जिसकी स्क्रूटनी पूरी हो गई है। फिल्म फेस्ट के आखिरी दिन सबसे बढ़िया कंटेंट क्रिएटर को अवॉर्ड दिया जाएगा। प्रतियोगिताओं के लिए 1 लाख रुपए के पुरस्कार रखे गए हैं।

### कर सकेंगे फिल्म मेकिंग का कोर्स

रूंगटा यूनिवर्सिटी में इसी साल से स्कूल ऑफ फिल्म एंड मीडिया की शुरुआत हो गई है। पहले साल में भी युवाओं का जबरदस्त रुझान रहा है। यहां से छात्र बीए और बी-वॉक में तीन साल का कोर्स कर फिल्म मेकिंग की डिग्री हासिल कर पाएंगे। वहीं फिल्म मेकिंग में एक साल का डिप्लोमा कोर्स भी कर पाएंगे। इसके अलावा फिल्म मेकिंग, सिनेमेटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग, विजुअल स्टोरी टेलिंग और कंटेंट क्रिएशन में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया जा सकेगा। इसके लिए शानदार फिल्म स्टूडियो और इससे जुड़े सेट्स तैयार किए गए हैं। इसका उद्घाटन फिल्म 12वीं फेल विक्रांत मैसी ने किया है।








## इंटरनेशनल शिमला फेस्टिवल में संजय के सुरों का जादू, झूम उठा जनसैलाब

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में सुदीर्घ सेवा के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस से सेवानिवृत्त और गायक संजय सिंह के सुरों का जादू शिमला में चला। हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी शिमला में आयोजित प्रतिष्ठित इंटरनेशनल शिमला समर फेस्टिवल के मंच पर गायक संजय सिंह ने अपनी शानदार और ऊर्जावान प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। शिमला के प्रसिद्ध माल रोड पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें करीब 20 हज़ार संगीत प्रेमी उपस्थित थे। संगीत प्रेमियों की मौजूदगी में संजय सिंह ने अपने मधुर स्वर और प्रभावशाली गायन से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया।

इस महोत्सव में देशभर के कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। विशेष रूप से उनके द्वारा गाए गए सदाबहार गीत पुकारता चला हूं मैं और "गुलाबी आंखें" ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही इन गीतों की धुन गूंजी, पूरा माल रोड तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। युवा, बुजुर्ग और पर्यटक सभी गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान कई दर्शकों ने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे पूरा



वातावरण यादगार बन गया। आयोजकों ने संजय सिंह की प्रस्तुति को महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में से एक बताया। सांस्कृतिक और संगीत प्रेमियों ने भी उनके गायन की भरपूर सराहना की।

कार्यक्रम के समापन पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकार का अभिनंदन किया। संजय सिंह की यह यादगार प्रस्तुति इंटरनेशनल शिमला समर फेस्टिवल 2026 के सांस्कृतिक इतिहास में लंबे समय तक याद रखी जाएगी और संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनकर रहेगी।

## फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

**भिलाई।** एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट 2 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो युवा भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में कमीशंड ऑफिसर बनने का सपना देख रहे हैं। उन युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन 20 मई से शुरू हो हुए हैं। उम्मीदवार 19 जून 2026 तक इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिसका आज लास्ट डेट रहेगा। ऐसे में अगर आप भी एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो इस लेख के जरिए हम आपको आयु सीमा से लेकर चयन प्रक्रिया तक पूरी जानकारी से अवगत करवाएंगे। इस बार उम्मीदवारों की योग्यता में बदलाव किया गया है। पहले ब्रांच में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य थे, लेकिन अब आवेदन करने के लिए 60% अंकों की अनिवार्यता को हटा दिया गया है। हालांकि आवेदन करने के लिए कक्षा 12वीं में फिजिक्स और गणित में 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।

### इतने स्टेज में होगा चयन

भारतीय वायुसेना में कमीशंड ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदावरों को तीन चरणों को सफलापूर्वक पास करना अनिवार्य है। सबसे पहले लिखित परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। लिखित परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके साथ ही एसएसबी में दौड़ और पुश-अप्स आदि का भी परीक्षण किया जाएगा। एफकैट परीक्षा के तहत चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,100 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

पांच दिवसीय निःशुल्क योग स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन भी रही उत्साहजनक भागीदारी

## मौसम बिगड़ा तो सुबह 4 बजे से कार्यकर्ता जुट गए सफाई में, योग करने उमड़े सैकड़ों लोग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए पतंजलि योगपीठ, पतंजलि योग समिति एवं युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में लोकांगन, वैशाली नगर में पांच दिवसीय निःशुल्क योग स्वास्थ्य शिविर में उत्साहपूर्वक जनभागीदारी है। सुबह-सुबह लोग बड़ी तादाद में यहां योग करने पहुंच रहे हैं।

शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को विपरीत मौसम के बावजूद लोगो में उत्साह दिखाई दिया। बीती रात बुधवार को हुई भारी बारिश के कारण शिविर स्थल पर जलभराव एवं अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई थी। लेकिन पतंजलि परिवार के समर्पित कार्यकर्ताओं ने सुबह 4 बजे से ही युद्धस्तर पर सफाई एवं व्यवस्था बनाने का कार्य शुरू कर दिया था। सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं सेवा भाव के परिणामस्वरूप शिविर निर्धारित समय अनुसार सुबह 5.30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसका सैकड़ों साधकों ने लाभ लिया।

गुरुवार के शिविर का मुख्य संचालन महासमुंद से आये तिलक साहू ने किया। तिलक साहू पिछले दो दशकों से पतंजलि योग समिति से जुड़े हुए हैं तथा सैकड़ों योग शिविरों के माध्यम से समाज की सेवा कर चुके हैं। वर्तमान में वे पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य



के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान स्मिता दोड़के, अनूप बंसल, जयंत भारती और नरेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर में मुख्य योग शिक्षक आदरणीय शंभू प्रसाद कुशवाहा ने योग-जॉगिंग एवं विभिन्न योगाभ्यासों के माध्यम से साधकों को शरीर में रक्त संचार संतुलित रखने, शारीरिक सक्रियता बढ़ाने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने का प्रशिक्षण दिया। उनके सहज एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन से उपस्थित साधकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### दे रहे कॉमन योग प्रोटोकॉल का विशेष प्रशिक्षण...

इस अवसर पर जयंत भारती ने कहा कि यह शिविर केवल योगाभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से साधकों को 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल का विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक नागरिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता कर सकें। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन को स्थिर, विचारों को सकारात्मक तथा जीवन को संतुलित बनाने की कला है। योग व्यक्ति के भीतर समरसता, सहयोग एवं आत्मीयता की भावना विकसित करता है। जब समाज में योग का विस्तार होता है, तब लोग एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बनते हैं और स्वस्थ, जागरूक एवं संस्कारित समाज का निर्माण संभव होता है।



## सिटी इवेंट

# दिव्यांग वृद्धजनों की देखभाल करना बड़ी चुनौती



**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में सियान सदन हाउसिंग बोर्ड भिलाई में एक सार्थक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि इस वर्ष विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का थीम जागरूकता से आगे बढ़कर, वृद्धजनों के प्रति दुर्व्यवहार की रोकथाम को प्रभावी बनाना है। अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान केवल संस्कृति नहीं, बल्कि सभ्य समाज की पहचान है। वरिष्टजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर एवं अनुभव का अनमोल खजाना हैं। इसलिए उनका सम्मान, सुरक्षा और गरिमामय जीवन सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संगोष्ठी में हेल्पेज इंडिया के अजय सिंह, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, प्रोफेसर जयति साहू, दिनेश कुमार गुप्ता, धानेश्वर निर्मल, फूलचंद साहू ने भी विचार व्यक्त किए। उल्लेखनीय कार्य करने के लिए महासंघ अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, कृष्णराव गूजर, दिनेश गुप्ता, धानेश्वर निर्मल, हुकुमचंद देवांगन, फूलचंद साहू, एस के नंदी, छाया विश्वकर्मा, जयति साहू, तृप्ति नंदी, हेलपेज इंडिया के अजय सिंह, मुकेश कुमार का श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर योगागुरु तृप्ति नंदी के नेतृत्व में योगा समूह की युवा एवं वरिष्ठ महिलाओं ने अलग-अलग आकर्षक पिरामिड बनाकर वाहवाही लूटी। लोकप्रिय गायक जोसफ, फूलचंद साहू आदि सहित महिला समूह ने संगीतमय सुमधुर गीत प्रस्तुत कर समां बांधा।

- वरिष्ठ नागरिक महासंघ का सियान सदन हाउसिंग बोर्ड में आयोजन

## एजुकेशन लाइव

# बीकॉम के साथ गौरव ने सीएमए में मारी बाजी, भारत पेट्रोलियम में हुआ चयन

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के होनहार छात्र गौरव शर्मा ने अकादमिक और व्यावसायिक क्षेत्र में एक साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। गौरव ने बी.कॉम की मुख्य परीक्षा में विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया।



इसके साथ ही प्रतिष्ठित व्यावसायिक पाठ्यक्रम सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट में राज्य स्तर पर रैंक हासिल की। इस दोहरी स्वर्णिम सफलता से उनका चयन देश की अग्रणी नवरत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर हुआ है। गौरव शर्मा छत्तीसगढ़ से नवरत्न कंपनी में इस पद पर चयनित होने वाले पहले विद्यार्थी हैं। गौरव ने सफलता का श्रेय महाविद्यालय के प्राध्यापकों और मार्गदर्शकों को दिया। उन्होंने बताया कि बी.कॉम के साथ सीएमए जैसी कठिन डिग्री की तैयारी चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और सकारात्मक माहौल से राह आसान हुई। नियमित पढ़ाई और असाइनमेंट को समय पर पूरा करने से बेसिक कॉन्सेप्ट्स मजबूत हुए, जिसका फायदा दोनों परीक्षाओं में मिला। महाविद्यालय के निदेशक डॉ दीपक शर्मा एवं मोनिशा शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से सीएमए जैसी कठिन परीक्षा में भी शीर्ष स्थान पाया जा सकता है। प्राचार्या डॉ हंसा शुक्ला ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए महान प्रेरणा बनेगी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिला सामल ने कहा कि गौरव ने साबित कर दिया कि यहां रहकर भी बड़ी उपलब्धि पाई जा सकती है। सभी प्राध्यापकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- छत्तीसगढ़ से नवरत्न कंपनी में चयनित होने वाले पहले विद्यार्थी बने गौरव शर्मा

## हेल्थ इवेंट

# पाचन रोगों पर किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वास्थ्य तथा कल्याण के प्रति जागरूकता के लिए मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) के सम्मेलन कक्ष में पाचन तंत्र रोगों के चेतावनी संकेत विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल दिल्ली के वरिष्ठ गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. दिनेश सिंघल जागरुक किया। । अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि अनेक गंभीर जठरांत्र संबंधी बीमारियों की समय रहते पहचान और उपचार से बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।महाप्रबंधक प्रभारी जे एन ठाकुर सहित बीएसपी के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका मीणा ने किया गया।

- बीएसपी में डां. सिंघल का व्याख्यान

---

● अहमदाबाद की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगीनी बीके चंद्रिका दीदी ने बताया कर्म और न्याय के सिद्धांत

# स्वयं के दुख, तनाव, मूड ऑफ का कारण दूसरे नहीं टू मच थिंकिंग व्यर्थ चिंतन है... परमात्मा से रिश्ता जोड़ उन्हें प्रेम से याद करें

**भिलाई।** जो हर कार्य कल पर छोड़ते है वो अलबेलापन आलस्य के संस्कार के अधीन है, कल और काल का कोई भरोसा नहीं, हर क्षण अंतिम घड़ी, आदि अविनाशी सत्तोप्रधान आत्म निश्चय से सृष्टि रूपी रंगमंच पर कर्म करे। पुरुषार्थ फर्स्ट है, जिसके आधार पर प्रालब्ध बनती है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ प्रवास में अहमदाबाद से आई युवा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका तथा वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगीनी ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी ने कही। उन्होंने बताया कि सृष्टि कर्म और न्याय के सिद्धांत पर चलती है। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।





### भगवान से कुछ भी छिपता नहीं

बीके चंद्रिका दीदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान से तो कुछ नही छिपता, तो मैं क्यों छुपाऊं, परमात्मा से हर बात बताओ। परमात्मा सदा हाजिर रहता है साथ देने लेकिन बच्चे सदा भूल जाते हैं, परमात्मा में मेरा निश्चय मुझे निश्चिंत और निर्भय बनाता है। अक्सर हम हमारे तनाव, दुखी और मूड ऑफ होने का दोषारोपण दूसरों को समझते है, लेकिन मेरे अपने संस्कारों, व्यर्थ चिंतन, टू मच थिंकिंग के कारण हम अत्यधिक चिंतित है।



### अपनी ही कमी कमजोरी से वैराग्य आवश्यक है : चंद्रिका दीदी

ब्रम्हकुमारी चंद्रिका दीदी ने अपनी ही कमी कमजोरी से वैराग्य आवश्यक है का समाधान बताते हुए कहा कि परमात्मा से माता पिता, गुरु, शिक्षक, सखा, बालक के रूप में संबंध जोड़ कर उन्हें प्रेम से याद करें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हम विभिन्न आसनों का प्रयोग करेंगे शारीरिक दक्षता के लिए, लेकिन परमात्मा से संबंध जोड़कर याद करना राजयोग का प्रमुख चरण है। विचित्र भगवान की सृष्टि रूपी रंगमंच की विचित्र लीला को उसके साथ साक्षी होकर देखो, तो आपसे भाग्यवान और कोई नहीं होगा,जो भी आपके संबंध संपर्क में आएगा उसका भी तनाव दूर हो जाएगा। सबकी एक कम्पलेन रहती है कि दूसरे नहीं बदलते, संग अच्छा नहीं है, इस कारण मन से शक्तिशाली नहीं बन सकते। लेकिन परमात्म श्रेष्ठ मत के आधार पर ज्ञान स्वरूप, शक्ति स्वरूप के वरदानी बन अपनी स्थिति को अचल बनाओ। साक्षी होकर हर एक का पार्ट देखो। अपने सतोगुणी पार्ट में स्थित रहो। सदा परमात्मा के संग में बालक के रूप में रहो तो तमोगुणी आत्मा व वायुमंडल के संग के रंग का प्रभाव पड़ नहीं सकता। बीके चंद्रिका दीदी ने कर्मयोगी की परिभाषा बताते हुए बताया कि कर्मयोगी वह है जो कर्म के कल्प वृक्ष की डाली पर बैठ कर्म करते हुए भी उपराम स्थिति में रहे। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी हेमलता दीदी का राजयोगिनी आशा दीदी ने आभार व्यक्त किया। 24 जून मातेश्वरी जगदम्बा की पुण्य स्मृति दिवस व अंतर्राष्ट्रीय योग मास के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का बड़ी संख्या में ब्रह्मा वत्सो ने लाभ लिया।

---

## आयोजन...

# पापड़, कुकीज, अचार, पाउडर और पैन केक कम निवेश में देते है मोटी कमाई का अवसर

**दुर्ग।** भारतीय कृषि महाविद्यालय दुर्ग के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी मॉड्यूल कार्यक्रम के अंतर्गत मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकी सीख रहे हैं। प्राचार्य डॉ. एके दुबे, सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार प्रजापति, डॉ. अनुश्री श्यामकुंवर, नवनीत कुमार महंत, झानेन्द्र पटेल, भारती यादव और रिया राजपूत के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने ऑयस्टर मशरूम का सफल उत्पादन किया, साथ ही प्रबंधन और विपणन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। मशरूम के द्वितीयक उत्पाद जैसे पापड़, कुकीज, अचार, पाउडर और पैनकेक कम निवेश में मोटी कमाई का अवसर देते हैं। महाविद्यालय के फाइनल वर्ष के छात्रों ने मशरूम से पापड़, कुकीज, अचार, पाउडर, पैनकेक बनाने की तकनीक सीख परीक्षण भी किया। मशरूम खेती एक कम निवेश, उच्च लाभ वाला कारोबार है जो छोटे और सीमांत किसानों के लिए उपयुक्त है, यह खेती कृषि-स्वतंत्र अवधि में भी आय का स्त्रोत बनती है तथा ग्रामीण युवाओं के लिए स्व-रोजगार का विकल्प है। मशरूम उच्च प्रोटीन और विटामिन युक्त, कम कैलोरी, उच्च फाइबर और कोलेस्ट्रॉल-रहित भोजन है जो हृदय और हाइपोटेंसिव मरीजों के लिए लाभकारी है तथा महिला सशक्तिकरण का माध्यम है क्योंकि अधिकतर उत्पादन ईकाई महिला स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित हैं। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण उन्हें स्वरोजगार एवं कृषि उद्यमिता के लिए तैयार कर उनके कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



भारतीय कृषि महाविद्यालय में मशरूम उत्पादन एवं प्रोसेसिंग पर प्रशिक्षण

## प्याऊ घर का समापन

# हुडको सेवा समिति 17 सालों से दे रही है सेवा



**भिलाई।** हुडको सेवा समिति द्वारा संचालित प्याऊ घर के समापपन अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य और महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी थे। अतिथियों के उपस्थिति में प्याऊ घर के सेवा कार्यों का विधिवत समापन किया गया।

17 सालों से लगातार सेवा दे रहे इस संस्था के सदस्यों की आईजी अभिषेक शांडिल्य ने सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले 17 सालों से लगातार निःस्वार्थ भाव से आम जनता के लिए पानी की सेवा देना बेहद सराहनीय और गर्व की बात है। इतनी लंबी अवधि तक बिना रुके सेवा की यह परंपरा बनाए रखना अपने आप मे एक मिसाल है। इस अवसर पर संदीप सिंह गुर्जर, कमल सतपति, दिनेश हानियां, मोहन चौधरी, अजय वर्मा, दिनेश यादव, नरेश, शनिदेव, मनीष भार्गव आदि मौजूद थे।

- हुडको सेवा समिति का आयोजन

---

## पीएमएफएमई योजना से मिली उड़ान

# बेरोजगारी से स्वरोजगार तक, परमवीर का सफर खुद बने आत्मनिर्भर, दो युवाओं को भी दिया रोजगार

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** दृढ़ संकल्प, सही मार्गदर्शन और सरकारी योजना का सहयोग किसी भी व्यक्ति के जीवन को नई दिशा दे सकता है। दुर्ग जिले के सुंदर नगर, भिलाई निवासी परमवीर सिंह ने बेरोजगारी की चुनौतियों का सामना करते हुए आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उद्योग स्थापना से पहले परमवीर सिंह रोजगार की तलाश में भटक रहे थे ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद जब सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने हार मानने के बजाय स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का साहसिक निर्णय लिया।इसी दौरान उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग तथा डी.आर.पी. के सहयोग से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तेल निर्माण इकाई स्थापित करने का संकल्प लिया।

तीन लाख ऋण, 1.05 लाख अनुदान से शुरू किया स्टॉटअप, 23 हजार माह शुद्ध आय



### पिणन कला, पैकेजिंग और ब्रांडिंग का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

उनके इस आत्मविश्वास को तब बड़ी उड़ान मिली जब उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पीएमएफएमई के तहत 3 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें 35 प्रतिशत शासकीय अनुदान के रूप में 1 लाख 5 हजार रुपये की भारी सहायता भी शामिल थी। इसके साथ ही विभाग द्वारा उन्हें विपणन कला, पैकेजिंग और ब्रांडिंग का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिसने उनके उत्पादों को बाजार में स्थापित करने की नींव रखी। इस वित्तीय और तकनीकी सहायता से परमवीर सिंह ने परम इंटरप्राइजेस नाम से अपनी फर्म का पंजीयन कराया और सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तथा नारियल के शुद्ध तेल का निर्माण एवं विक्रय शुरू किया। अपनी बेहतरीन गुणवत्ता के दम पर आज उनके उत्पादों की मांग स्थानीय बाजार से लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक तेजी से बढ़ चुकी है। वर्तमान में वे इस व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 23 हजार रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रहे हैं और स्वयं आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ दो अन्य स्थानीय युवाओं को भी अपने उद्यम में रोजगार देकर आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उनकी यह सफलता आज प्रदेश के उन तमाम युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन चुकी है जो नौकरी की तलाश छोड़कर खुद का मुकाम हासिल करना चाहते हैं।

## हेल्थ टिप्स

### दिन-रात एसी में रहना ठीक नहीं हो सकती हैं गंभीर समस्याएं



आज के दौर में एयर कंडीशनर (एसी) लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत बन चुका है। घर हो, ऑफिस हो या फिर कार, लोग दिन-रात एसी की ठंडी हवा में समय बिता रहे हैं। खासकर आजकल गर्मी के मौसम में कई लोग 24 घंटे एसी वाले माहौल में रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि लगातार एसी में रहना आपकी सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक एयर कंडीशनर के संपर्क में रहने से कईपरेशानियां बढ़ सकती हैं। इतना ही नहीं, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। अगर आप भी ज्यादातर समय एसी में बिताते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं कि 24 घंटे एसी में रहने से कौन-कौन सी बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं आपको अपनी चपेट में ले सकती हैं।

#### त्वचा में रूखापन और डिहाइड्रेशन

एयर कंडीशनर कमरे की नमी को कम कर देता है, जिससे त्वचा अपनी प्राकृतिक नमी खोने लगती है। लंबे समय तक एसी में रहने वाले लोगों को त्वचा में खिंचाव, रूखापन और खुजली की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा शरीर को पसीना कम आता है, जिससे कई बार लोगों को प्यास कम लगती है और वे पर्याप्त पानी नहीं पीते। यह स्थिति डिहाइड्रेशन का कारण बन सकती है। इसलिए एसी में रहने के दौरान नियमित रूप से पानी पीना और त्वचा को मॉइस्चराइज रखना जरूरी है।

#### सांस संबंधी समस्याएं

लगातार एसी की ठंडी हवा में रहने से नाक और गले की श्लेष्मा झिल्ली (म्यूकस मेम्ब्रेन)



सूख सकती है। इससे गले में खराश, नाक बंद होना, एलर्जी और खांसी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। अगर एसी के फिल्टर की समय-समय पर सफाई नहीं की जाए तो उसमें धूल, बैक्टीरिया और फंगस जमा हो सकते हैं, जो सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ा देते हैं। अस्थमा या एलर्जी के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

#### सिरदर्द और थकान

बहुत कम तापमान वाले वातावरण में लंबे समय तक रहने से शरीर को लगातार तापमान के अनुसार खुद को ढालना पड़ता है। इससे सिरदर्द, माइग्रेन, चक्कर और थकान की समस्या हो सकती है। कई लोगों को पूरे दिन एसी में बैठने के बाद सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक ठंडा तापमान शरीर के सामान्य रक्त संचार को प्रभावित कर सकता है, जिससे यह समस्या बढ़ सकती है।

#### जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द

एसी की ठंडी हवा का सीधा असर मांसपेशियों और जोड़ों पर पड़ सकता है। लंबे समय तक ठंडे वातावरण में बैठने से मांसपेशियां सख्त होने लगती हैं और उनमें अकड़न महसूस हो सकती है। गठिया (आर्थराइटिस) या पुराने जोड़ों के दर्द से पीड़ित लोगों में यह समस्या और अधिक बढ़ सकती है। कई लोग गर्दन, कंधे और कमर दर्द की शिकायत भी करते हैं, जिसका एक कारण लगातार एसी में बैठना हो सकता है।

#### आंखों में जलन और सूखापन

एसी वातावरण की नमी को कम करता है, जिसका असर आंखों पर भी पड़ता है। इससे आंखों में सूखापन, लालिमा, खुजली और जलन



की समस्या हो सकती है। जो लोग लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल स्क्रीन पर काम करते हैं, उनके लिए यह जोखिम और बढ़ जाता है। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वाले लोगों को भी आंखों में असहजता महसूस हो सकती है। ऐसे में पर्याप्त पानी पीना और जरूरत पड़ने पर आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है।

#### इम्यूनिटी पर असर

हमेशा बंद और ठंडे वातावरण में रहने से शरीर का प्राकृतिक अनुकूलन तंत्र प्रभावित हो सकता है। जब व्यक्ति लगातार एसी में रहता है और अचानक गर्म वातावरण में जाता है तो शरीर को तापमान में बदलाव के साथ तालमेल बैठाने में कठिनाई होती है। इससे सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

---

### गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या

# धूप से लू का सीधा रिश्ता लेकिन और भी कई वजहें हैं इस तकलीफ की, जानें लक्षण और बचने के उपाय भी

अक्सर आपने लोगों को कहते सुना होगा, ज्यादा धूप में न रहो, लू लग जाएगी। पर क्या सिर्फ धूप में रहने से लू लगती है या कुछ और कारण भी हैं? आइए जानते हैं.... गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक यानी लू लगना एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन जाती है, जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकती है। आमतौर पर लोग मानते हैं कि सिर्फ तेज धूप में ज्यादा देर तक रहने से ही लू लगती है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं ज्यादा गहरी है।

कम जानकारी और सावधानियों के बिना गर्मी का यह मौसम शरीर पर भारी पड़ सकता है। इसलिए यह समझना जरूरी है कि लू सिर्फ धूप नहीं, बल्कि हमारी कई गलत आदतों का परिणाम भी हो सकती है। यहां इस लेख में हम आपको पहले तो लू लगने के लक्षण बताएंगे और आपको बताएंगे कि आखिर किन कारणों से हीट स्ट्रोक होता है।



#### जान लें इसके लक्षण

हीट स्ट्रोक के लक्षण तुरंत पहचानना बेहद जरूरी है क्योंकि यह जानलेवा भी हो सकता है। इसके मुख्य संकेतों में तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या उल्टी, त्वचा का गर्म और सूखा होना, पसीना बंद हो जाना, धड़कन का बढ़ जाना, कमजोरी और भ्रमित या चिड़चिड़ा महसूस होना शामिल हैं। गंभीर मामलों में व्यक्ति बेहोश हो सकता है और उसकी तंत्रिकाओं और अंगों पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर इन लक्षणों में से कोई भी दिखाई दे, तो तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर पानी पिलाएं, शरीर को ठंडा करने की कोशिश करें और तत्काल चिकित्सा सहायता लें।

#### पानी की कमी

गर्मी में जब शरीर से पसीना ज्यादा निकलता है और हम पर्याप्त पानी नहीं पीते, तो शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। इससे शरीर का तापमान संतुलित नहीं रह पाता और



चक्कर, कमजोरी, सिरदर्द जैसी समस्याएं शुरू हो सकती हैं। लंबे समय तक पानी की कमी रहने पर हीट स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

#### गलत खानपान

बहुत ज्यादा मसालेदार, तला-भुना और भारी भोजन शरीर में अंदरूनी गर्मी बढ़ाता है। ऐसे खाने को पचाने में शरीर को ज्यादा ऊर्जा लगती है, जिससे शरीर का तापमान बढ़ सकता है और लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। गर्मियों में हल्का और ताजा भोजन लेना ज्यादा सुरक्षित होता है।

#### लंबे समय तक गर्म जगह पर रहना

सीधे सूरज की रोशनी में या बहुत गर्म और बंद जगह पर लंबे समय तक रहने से शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है। अगर शरीर को ठंडा होने का मौका न मिले, तो हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जो कभी-कभी



गंभीर भी हो सकती है।

#### टाइट और सिंथेटिक कपड़े पहनना

टाइट और सिंथेटिक कपड़े पसीना सोखने की बजाय उसे रोक लेते हैं। इससे शरीर से गर्मी बाहर नहीं निकल पाती और शरीर ज्यादा गर्म हो जाता है। गर्मियों में ढीले और सूती कपड़े पहनना सबसे बेहतर विकल्प होता है।

#### आराम की कमी और ओवरएक्सरसाइज

गर्मी में बिना आराम किए लगातार काम करना या बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना शरीर को ओवरहीट कर सकता है। शरीर को पर्याप्त आराम न मिलने पर उसकी गर्मी सहने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

#### हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय

दिन में 8–10 गिलास पानी जरूर पिएं। हल्के और सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय छाता या टोपी का इस्तेमाल करें। नारियल पानी, नींबू पानी और ओआरएस लें। दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप से बचें।


---



## गुस्से पर काबू रखना समझदारी जानिए इसे बस में करने का तरीका

ऐसा शायद ही कोई इंसान होगा, जिसे कभी गुस्सा न आता हो। क्रोध या गुस्सा इंसान की एक ऐसी भावात्मक अवस्था है, जिससे सभी मनुष्य किसी न किसी समय पर जरूर गुजरते हैं। क्रोध को चार बुनियादी भावनाओं में से एक माना जाता है। ये चार भावनाएं हैः क्रोध, उदासी, खुशी और भ्रम/भय। रिसर्च के अनुसार गुस्सा धीरे से तेज होता जाता है और कई बार यह निराशा और झुंझलाहट का कारण भी बन जाता है।

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, गुस्सा एक ऐसी भावना है, जो किसी के प्रति आपके विरोध को दर्शाता है या उन लोगों के प्रति आपकी भावना को व्यक्त करता है, जिन्होंने आपके साथ गलत किया है।₹ गुस्सा कुछ खास अनुभवों और स्थितियों में प्रकट होता है और यह आपको आपकी पॉजिटिव लाइफस्टाइल से दूर ले जाता है। यह आपकी भावनात्मक दुनिया को तोड़ने का काम भी करता है। किसी के गुस्से का जवाब गुस्से से देने आपके अच्छे संबंध खराब हो सकते हैं और आपका वातावरण नकरात्मक हो जाता है। दूसरे शब्दों में, क्रोध आपके कार्यों को पॉजिटिव



या विनाशकारी दिशा में निर्देशित करने का काम करता है।

#### एंगर मैनेजमेंट में मददगार टिप्स

प्रोडक्टिव तरीके से अपने क्रोध को नियंत्रित करने के लिए हम आपको कुछ सुझाव बताने जा रहे हैंः

#### गुस्से से जुड़े हुए अनुभवों को लिखिए

इससे आपको पता लगेगा कि आपको कब गुस्सा आता है और क्या चीज आपको ट्रिगर करती है, कौन सी घटनाएं आपको परेशान कर सकती हैं। जर्नलिंग के माध्यम से अपने गुस्से के अनुभवों को लिखना खुद को जानने का एक प्रयास है। इसकी मदद से आप तर्क और स्वयं के मूल्यांकन के लिए जगह बना सकते हैं और कार्यों का निर्धारण कर सकते हैं।

#### बॉडी स्कैन एक्टिविटी का उपयोग करना

शरीर के जिस हिस्से पर आपको सबसे पहले गुस्सा आता है, उस पर ध्यान रखना शुरू करें। उस क्षेत्र या शरीर के अन्य क्षेत्रों पर अपना ध्यान आकर्षित करें। अगर आपका गुस्सा आपके शारीरिक तनाव का कारण बन रहा है, तो याद रखिए आगे चलकर ये आपको भावनात्मक रूप से भी नुकसान पहुंचा सकता है।

#### एरोबिक एक्सरसाइज करें

कई बार गुस्सा हमें शारीरिक रूप से भी नुकसान पहुंचाता है। एरोबिक एक्सरसाइज जैसी फिजिकल एक्टिविटी में शामिल होने से किशोरों और वयस्कों दोनों में गुस्सा कम हो जाता है। ऐसी कुछ एक्सरसाइज में ब्रिस्क वॉकिंग, साइक्लिंग, स्विमिंग और रनिंग शामिल है।

#### माइंडफुलनेस मेडिटेशन

माइंडफुलनेस मेडिटेशन के द्वारा भी आप अपने गुस्से पर काबू पा सकते हैं। इसमें अपनी सांस, किसी एक शब्द या एक वाक्यांश पर ध्यान केंद्रित करना होता है।



---

## जामुन को लंबे वक्त तक फ्रेश रखने के स्मार्ट हैक्स करें फॉलो

इस मौसम में जामुन की बहार है। यह फल न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि हेल्थ के लिहाज से भी फायदेमंद होता है। इसे ज्यादातर डायबिटीज कंट्रोल, पेट की समस्या को दूर करने या स्वाद के लिए खाया जाता है। यही वजह है कि इसके पूरे सीजन मार्केट में जामुन की भरमार रहती हैं। ऐसे में हमें भी पता नहीं रहता कि कब इसकी कीमत बढ़ जाती हैं। इसलिए हम लोग फ्रिज में ढेर सारे जामुन लाकर रख लेते हैं। वहीं, अगर ठीक से स्टोर न किया जाए, तो खरीदे हुए जामुन 1–2 दिन में ही सड़ने, नरम पड़ने या पानी छोड़ने लगते हैं। ऐसे में अक्सर हमें मजबूरी में उन्हें फेंकना पड़ता है या बिना इच्छा के जल्दी-जल्दी खा लेना पड़ता है। अगर आप भी हर साल यही सोचती हैं कि काश जामुन कुछ दिन और चल पाता...तो परेशान न हों क्योंकि हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे हैक्स जिनकी मदद से जामुन को लंबे वक्त तक फ्रेश रखा जा सकता है।

#### बिना धोए स्टोर न करें जामुन

आप जामुन को बिना धोए स्टोर न करें, क्योंकि इससे गंदगी फ्रिज में लग सकती हैं। जामुन को स्टोर करने से पहले आप नमक और पानी के घोल से धो लें, ताकि इसकी सारी गंदगी बाहर निकल जाए।

धोने वक्त हल्के हाथों से रगड़ें, ताकि यह खराब न हो। धोने के बाद जामुन को किसी कपड़े पर फैलाकर रख दें और इसके बाद ही स्टोर करें।

#### जामुन को स्टोर करने के लिए पानी को साफ करें

आप कभी भी गीले जामुन को स्टोर न करें। गीले जामुन बहुत ही जल्दी खराब होते हैं और चिपचिपे भी



होने लगते हैं। इसलिए बेहतर है कि आप जामुन को सुखाकर स्टोर करें। सुखाने के लिए या तो इसे धूप में रख दें या ड्रायर की मदद से सुखा लें। हालांकि, इस दौरान आपको जामुन का बहुत ही ध्यान रखना है, क्योंकि इससे यह खराब भी हो सकते हैं।

#### फ्रिज की सही जगह पर रखें

आप जामुन को फ्रिज की सही जगह पर रखें, क्योंकि इससे आपको बहुत फायदा होगा। फ्रिज में कई जगह ऐसी होती हैं जहां पर सही कुलिंग नहीं आती और जामुन लगभग 4 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच फ्रेश रहते हैं। इसलिए जामुन को हमेशा ऐसी जगह पर रखें और फ्रिज के वेजिटेबल डिब्बे का इस्तेमाल करें।

#### जामुन का पल्प या जूस बनाकर स्टोर करें

जामुन को ब्लेंड करके आप इसका पल्प बना लें, क्योंकि इसे रखना थोड़ा आसान हो जाएगा। आप पल्प में नींबू या चीनी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसका इस्तेमाल आप तरह-तरह के व्यंजन बनाने के लिए कर सकती हैं।

---

## भूलकर भी मेन गेट पर न लगाएं ये गहरे रंग



अगर आप घर का वास्तु बदलना चाहते हैं, तो ऐसे में जरूरी है कि आप घर के मेन गेट पर होने वाले रंगों का खास ध्यान रखें। इससे घर का वातावरण पॉजिटिव रहेगा।

#### मेन गेट पर गहरे रंग की क्यों होती है मनाही?

वास्तु शास्त्र के अनुसार मेन गेट पर गहरे रंग जैसे काले और ग्रे कलर को इस्तेमाल करने की मनाही होती है। ऐसा कहा जाता है कि इस तरह के कलर से आपके आसपास नकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। साथ ही, आपके घर के बाहर से ही अच्छी चीजें प्रभावित हो जाती हैं। इसलिए कोशिश करें कि इन गहरे रंगों को अपने घरों में न लगाएं। इसकी जगह पर मेन गेट पर हल्के रंगों का प्रयोग करें। इससे आपके घर की ऊर्जा पॉजिटिव बनी रहेगी।

#### गहरे रंगों को मेन गेट पर लगाने का क्या पड़ता है घर पर प्रभाव

अगर आप अपने घर के मेन गेट पर काले रंग का इस्तेमाल करते हैं, तो ऐसे में आपके घर में अक्सर नकारात्मकता बनी रहेगी। इससे आपके घर का वास्तु भी खराब हो सकता है। साथ ही, आपके परिवार में किसी न किसी चीज को लेकर परेशानी चलती रहेगी। इससे आपका कोई भी कार्य सही तरीके से नहीं होगा। साथ ही, आपके जीवन में उदासी भी बनी रह सकती है। घर में अगर आप ग्रे कलर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इससे आपके जीवन पर असर पड़ेगा।

---

### कार्नर न्यूज

### 'फॉरेस्ट बाथिंग' का मतलब जंगल में नहाना नहीं कुछ और भी है

# अब दौर है 'फॉरेस्ट बाथिंग' का, प्रकृति में समय बिताकर लोग पा रहे हैं सुकून

फॉरेस्ट बाथिंग एक ऐसा टर्म है जिसका नाम सुनकर अक्सर लोगों को लगता है कि जंगल में जाकर स्नान करना है, लेकिन असल में इसका अर्थ इससे बिल्कुल अलग है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और थकान आम समस्याएं बन गई हैं। इनसे राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय आजमाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी प्रकृति की शरण में जाकर सुकून पाने की कोशिश की है? 'फॉरेस्ट बाथिंग' जो जापान से शुरू हुई एक प्राचीन प्रथा है, प्रकृति के बीच समय बिताकर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक अनोखा तरीका है। आइए इस लेख में जानते हैं कि फॉरेस्ट बाथिंग क्या है और साथ ही इसके चार फायदे भी जानेंगे।

#### फॉरेस्ट बाथिंग क्या है?

फॉरेस्ट बाथिंग का मतलब जंगल में स्नान करना नहीं, बल्कि जंगल या हरे-भरे प्राकृतिक वातावरण में अपने सभी इंद्रियों के साथ समय बिताना है। इसमें पेड़-पौधों को देखना, हवा की ताजगी को महसूस करना, पत्तियों की सरसराहट सुनना, और मिट्टी की खुशबू लेना शामिल है। यह एक ऐसी प्रक्रिया



है, जिसमें आप मोबाइल और अन्य ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहकर प्रकृति के साथ समय बिताते हैं।

#### तनाव और चिंता में कमी

फॉरेस्ट बाथिंग तनाव वाले हार्मोन कोर्टिसोल के लेवल को कम करती है। जंगल की शांति और हरियाली दिमाग को शांत करती है, जिससे चिंता और अवसाद के लक्षणों में राहत मिलती है।

#### रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार

पेड़-पौधे फाइटोन्साइड्स नामक रसायन छोड़ते हैं, जो हवा में फैलकर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। फॉरेस्ट बाथिंग के दौरान इन रसायनों को सांस के जरिए ग्रहण करने से शरीर में नेचुरल किलर सेल्स बढ़ते हैं, जो गंभीर बीमारियों और वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

#### मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता

प्रकृति में समय बिताने से दिमाग तरोताजा होता है, जिससे एकाग्रता और रचनात्मकता बढ़ती है। फॉरेस्ट बाथिंग डिजिटल स्क्रीन के कारण होने वाली मानसिक थकान को कम करती है। इससे आपका फोकस बढ़ता है और प्रोडक्टिवीटी अच्छी होती है।

#### कैसे शुरू करें?

फॉरेस्ट बाथिंग के लिए किसी खास प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है। नजदीकी पार्क, जंगल, या हरे-भरे क्षेत्र में जाएं। फोन को साइलेंट करें, संभव हो तो फोन घर पर ही छोड़कर जाएं और धीरे-धीरे टहलें। गहरी सांस लें, प्रकृति को महसूस करें, और बिना जल्दबाजी के समय बिताएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रद्द हुआ अमेरिकी रैपर कान्ये और ट्रैविस का शो, इटली में होना था कॉन्सर्ट



अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों की वजह से लिया गया है।

वैराइटी के अनुसार, यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आरसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से।

स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।

'हेलवाट फेस्टिवल' की टीम ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे 18 जुलाई को कान्ये वेस्ट का शो इटली में ही किसी और जगह कराने की कोशिश कर रहे हैं, जो किसी दूसरे प्रशासनिक क्षेत्र में आता हो। कान्ये वेस्ट ने हाल ही में इस्तांबुल में एक बड़े कॉन्सर्ट के साथ अपने समर टूर की शुरुआत की है, जहां 1,18,000 लोग जुटे थे। इस शो में ट्रैविस स्कॉट भी उनके साथ मंच पर मौजूद थे। दोनों ने हाल ही में कान्ये के नए एल्बम 'बुली' के गाने 'फादर' पर एक साथ काम किया है। कुछ देशों में प्रतिबंधों के बावजूद कान्ये वेस्ट के अन्य शो तय शेड्यूल के अनुसार होंगे।

### टॉलीवुड

## 'द मम्मी' फेम अर्नोल्ड भारत में, विजय की फिल्म में निभाएंगे विलेन का किरदार



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म में अब हॉलीवुड के एक दमदार विलेन की एंट्री हो गई है। जिसका एक खास पोस्टर निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। हॉलीवुड की मशहूर फिल्म 'द मम्मी' में अपने खतरनाक विलेन के किरदार से दुनिया भर में पहचान बनाने वाले अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू अब भारतीय सिनेमा पर धमाकेदार एंट्री करने जा रहे हैं। अर्नोल्ड वोस्लू अब विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की आगामी साउथ फिल्म में एक विलेन के किरदार में नजर आएंगे।

हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू की एंट्री साउथ फिल्म 'राणाबाली' में हो गई है। निर्माताओं ने जिसकी घोषणा एक पोस्टर के जरिए की है। फिल्म 'राणाबाली' अर्नोल्ड वोस्लू, सर थियोडोर हेक्टर की भूमिका में नजर आएंगे। यह अर्नोल्ड का हिंदी सिनेमा में डेब्यू है।

फिल्म 'राणाबाली' के निर्माताओं ने आज अर्नोल्ड वोस्लू का फिल्म से एक खास दमदार लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस नए लुक के साथ निर्माताओं ने लिखा, 'सूखे का दानव-सर थियोडोर हेक्टर।' इसी के साथ निर्माताओं ने अर्नोल्ड का स्वागत करते हुए लिखा, "द मम्मी' में 'इम्होतेप' के रूप में दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने से लेकर 'राणाबाली' में निर्दयी 'सर थियोडोर हेक्टर' के रूप में एक नया सफर शुरू करने तक।' इसी के साथ फिल्म 'राणाबाली' के निर्माताओं ने अर्नोल्ड वोस्लू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और भारतीय सिनेमा में उनका स्वागत किया। इस पोस्टर में अर्नोल्ड वोस्लू एक सिंघासन पर बैठे किसी पुराने शासक की तरह दिख रहे हैं। ब्लैक और गोल्डन रंग की शाही ड्रेस अर्नोल्ड काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं।

### वेब सीरीज

## ग्राम चिकित्सालय सीजन-2 की रिलीज अगले सप्ताह, दर्शक उत्साहित



टीवीएफ प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का प्रसारण 23 जून से अमेजॉन प्राइम पर होने जा रहा है। इस सीरीज में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अभिनेता विनायक प्रसाद अग्रवाल ने मुनिरका नाम के चरित्र का निर्वाह किया है। अग्रवाल इस वेब सीरिज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि इस वेबसीरिज की शूटिंग मध्य प्रदेश बालाघाट में हुई थी। इस कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ में डॉ. प्रभात (अमोल पराशर) भटकण्डी गांव के उपेक्षित सरकारी अस्पताल को सुधारने और 'आदर्श पीएचसी' का पुरस्कार जीतने की जद्दोजहद करते नजर आएंगे। सीज़न 2 में डॉ. प्रभात (अमोल पराशर) और झोलाछाप डॉक्टर चेतक (विनय पाठक) के बीच 'डॉक्टर नंबर 1' बनने की मजेदार प्रतिस्पर्धा होगी। ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 टीवीएफ द्वारा निर्मित एक बहुप्रतीक्षित कॉमेडी-ड्रामा वेब सीरीज है। इसकी कहानी भठकंडी गांव के आदर्शवादी डॉक्टर प्रभात के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बदहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पुनर्जीवित करने और 'आदर्श पीएचसी' का खिताब जीतने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस नए सीजन में लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और 'पंचायत' फेम कलाकार (जैसे भूषण और बिनोद) भी दिखाई देंगे, जो इसे 'पंचायत यूनिवर्स' का एक अनूठा हिस्सा बनाते हैं।

### क्लासिक फ़ैशन

लाइफ स्टाइल



क्लासिक फ़ैशन की स्टाइल को सदाबहार तरीकों में गिना जाता है। यह शानदार और हर मौके पर काम आने वाली स्टाइल है, जिसका मुकाबला शायद ही कोई दूसरा ट्रेंड कर सके। भले ही सीज़नल फ़ैशन आते-जाते रहते हैं, लेकिन क्लासिक कपड़े अपनी सदाबहार अपील, साफ़-सुथरी बनावट और बेहतरीन क्वालिटी की वजह से एक अच्छे वॉर्डरोब की नींव बने रहते हैं। कुछ समय के लिए चलने वाले ट्रेंड्स पर ध्यान देने के बजाय, क्लासिक स्टाइल सोच-समझकर बनाए गए डिज़ाइन, बारीकियों और ऐसे कपड़ों को अपनाता है जो सालों-साल चलन में बने रहते हैं।

## ऑयली स्किन वाले गर्मियों में इन गलतियों से बचें

गर्मी के मौसम में धूप और पसीने से त्वचा की मुश्किलें बढ़ जाती हैं, लेकिन अपनी जीवन-शैली और आहार में सुधार कर आप दमकती त्वचा पा सकती हैं।

आम तौर पर गर्मी के दिनो में ऑयली स्किन की समस्या बढ़ जाती है, जिससे चेहरा चिपचिपा और बेजान दिखने लगता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि स्वस्थ त्वचा के लिए अतिरिक्त ऑयल से छुटकारा पाना जरूरी है, क्योंकि अधिक तेल त्वचा के रोम छिद्रों को बंद कर देता है। ऑयली होने से त्वचा न केवल चिपचिपी दिखती है, बल्कि पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और एक्ने की समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। अगर आप ऑयल को कंट्रोल कर लें, तो त्वचा साफ, फ्रेश और हेल्दी रहती है, साथ ही स्किन इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है। इसलिए गर्मी के मौसम में सही स्किन केयर बेहद जरूरी है।



### चेहरा बुझा-बुझा

गर्मियों में उमस अधिक होने से अतिरिक्त तेल रोम छिद्रों में जमा हो जाता है, जिससे मुंहासे, एक्ने और ब्लैकहेड्स की परेशानी बढ़ जाती है। साथ ही अधिक पसीने के कारण स्किन से निकलने वाले तेल की वजह से चेहरा हमेशा बुझा-बुझा, चिपचिपा और डल नजर आने लगता है। ऐसे में त्वचा का यह अतिरिक्त तेल आपके मेकअप को भी जल्दी खराब कर देता है।

### दिनचर्या में बदलाव

ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए चेहरे को ज्यादा रूखा बनाने वाले क्लींजर से बचें। दिन में दो बार सैलिसिलिक एसिड युक्त फेसवॉश से चेहरा साफ करें। बार-बार चेहरा धोने से त्वचा अधिक तेल बनाने लगती है, इसलिए ऐसा न करें। ऑयली स्किन के लिए हल्का, ऑयल-फ्री और जेल-बेस्ड मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा संतुलित रहे। बाहर निकलते समय जेल-बेस्ड या मैट-फ़िनिश सनस्क्रीन लगाएं, जो चिपचिपाहट कम करती है। हफ्ते में 1–2 बार मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल का फेस पैक लगाएं। खीरे का रस और एलोवेरा जेल जैसे घरेलू नुस्खे भी त्वचा को ठंडक, नमी और ताजगी प्रदान करते हैं।

### खानपान में सुधार

ऑयली स्किन से बचने के लिए खानपान का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि त्वचा पर डाइट का सीधा प्रभाव पड़ता है। दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है।पानी पीने से सीबम का उत्पादन कम होता है।त्वचा में अतिरिक्त तेल बनने की समस्या घटती है। नारियल पानी और नींबू पानी शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालने में मदद करते हैं। खीरा, तरबूज और खरबूजा जैसे पानी से भरपूर फल त्वचा को ताजगी देते हैं।

## मानसून में कॉटन स्ट्रेट सूट के डिजाइंस आपको देंगे कूल और स्टाइलिश लुक



अगर आपको भी अपने लिए नए और ट्रेंडी कॉटन सूट सेट डिजाइंस की तलाश है, तो आपको कुछ खास विकल्प पर नजर डालनी होगी। इन्हें बाजार से रेडीमेड खरीदने के साथ-साथ टेलर से स्टिच भी करा सकती हैं। इन्हें आप गर्मियों के साथ-साथ मॉनसून में भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट सेट को आप स्टाइल करके कूल और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं।



### कॉटन स्ट्रेट कुर्ता सेट के खास डिजाइंस देखें

अगर आप मॉनसून सीजन में कम्फर्टेबल मगर कूल लुक चाहती हैं, तो कॉटन स्ट्रेट कुर्ता सेट के कुछ खास विकल्प जरूर ट्राई करके देखें। बाजार में आपको यदि बिल्कुहल ऐसे ही सेम-टू-सेम भले ही न मिलें,मगर इनसे मिलते-जुलते डिजाइंस आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

### बिग प्रिंट कॉटन स्ट्रेइट सूट डिजाइन

आजकल बिग प्रिंट वाले कॉटन स्ट्रे ट सूट काफी ट्रेंड में हैं। बड़े प्रिंट वाले सूट सेट पतली महिलाओं पर बहुत ही अच्छे लगते हैं। इन प्रिंट्स की वजह से उनकी बॉडी शेप में नजर आती है। यह दिखने में आकर्षक भी होते हैं और लोगों का ध्यान आपकी ओर आकर्षित करते हैं। आप इस तरह के प्रिंट वाले कॉटन सूट्स को डेली यूज से लेकर ऑफिस तक में कैरी कर सकती हैं। मॉनसून सीजन के लिए अगर आप इस तरह के सूट का कलेक्शन तलाश रही हैं, तो आपको इसमें बेल-बूटे, एनिमल, फ्लॉवर आदि प्रिंट के बहुत अच्छे स्ट्रेट सूट सेट मिल जाएंगे।



## विंग लाइनर लगेगा परफेक्ट बस फॉलो करें स्मार्ट हैक्स

यह बात तो आप सभी जानते होंगे कि आईलाइनर को कई तरीके से लगाया जाता है जैसे विंग, स्मूद, स्लीक, कैट आई। ऐसे में हर कोई अपनी पसंद और आंखों के शेप के हिसाब से लगाता है। यदि आपसे भी लाइनर लगाते वक्त बिगड़ जाता है तो आपको कुछ हैक्स जरूर जानने चाहिए। ब्यूटी एक्सपर्ट छाया आनंद इस बारे में विस्तार से बता रही हैं।

विंग लाइनर लगाने के 3 स्मार्ट हैक्स

आप भी हमारे बताए गए इन हैक्स को आजमाकर परफेक्ट विंग लाइनर लगा सकती हैं। इससे आपका समय भी बचेगा और आपका लुक प्रिटी दिखेगा।

### एंगल ब्रश हैक

इसके लिए आपको सबसे पहले लाइनर का ब्रश हाथों में लेना है।दूसरे हाथ में आपको एंगल ब्रश लेना है।अब इस एंगल ब्रश के ऊपर आपको लाइनर के ब्रश से लंबाई में लाइनर लगा देना है।इसके बाद एंगल ब्रश की मदद से आंखों के कॉर्नर साइड पर एक विंग बना लेनी है।फिर आप लिक्विड का लाइनर ब्रश लेकर कॉर्नर को फिल कर देना है।इस समय आपको अपनों आंखें स्ट्रेच करके रखनी है ताकि लाइनर परफेक्ट और सीधा लगे।ऐसे में आप इस बढ़िया हैक की मदद से विंग लाइनर लगा सकती हैं।



### बॉब पिन हैक

इसके लिए आपको बॉब पिन की जरूरत होगी। जिसे बन में लगाया जाता है।आपको बॉब पिन लेकर उसके ऊपर खुले वाले दोनों हिस्सों को थोड़ा खोल लेना है।इसके बाद आपको लिक्विड लाइनर दोनों सिरों पर अप्लाई करना है।

## रूखे बालों से हैं परेशान तो बदलते मौसम में अपनाएं आसान टिप्स

अगर बदलते मौसम में आपके बाल भी ड्राई हो जाते हैं, तो आप इस आर्टिकल में बताए गए आसान टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। साथ ही, इन टिप्स को आप अपने हेयर केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

हर महिला चाहती है कि उनके बाल हमेशा सुंदर दिखें, और इसके लिए वह कई तरह के हेयर केयर रूटीन और प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, मौसम बदलने पर अक्सर बाल रूखे हो जाते हैं। ऐसा हवा में नमी की कमी, धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से हो सकता है। अगर आपके बाल भी रूखे और बेजान हो गए हैं, तो इस समस्या से निजात पाने के लिए हम आपको कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर रूखे बालों की समस्या कम हो सकती हैं और खोई हुई नमी और चमक भी आप वापस पा सकती हैं।

### गुनगुने पानी से धोएं बाल

पानी के तापमान की वजह से भी बालों के रूखे होने की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए, बालों को धोते समय पानी के तापमान का ध्यान रखें। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही,



बालों को शैम्पू से धोने के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरुर करें। यह बालों को नमी देने का काम करेगा।

### तेल से दो दिन करें बालों की मालिश

बदलते मौसम की वजह से बालों का पोषण खो जाता है और बाल ड्राई होने लगते हैं। इसलिए जरुरी है कि आप बालों की अच्छी तरह से मालिश करें। यह काम आप हफ्ते में 2 दिन करें और इसके लिए आप हल्के गुनगुने नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में स्किन केयर है सबसे संवेदनशील मामला

## स्किन केयर से जुड़ी बहुत सी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

मेंस फैशन में जाने अनजाने में बहुत सी गलतियां हो जाती हैं और इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर काम के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

### आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है



फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली।

विंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।

### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### सन प्रोटेक्शन फोम का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। एसपीएफ 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।

